53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 24.2°c अधिकतम 26.2 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:57, सूर्यास्त - 6:39 | वर्ष : 53/अंक : 243 बुधवार, 03 सितम्बर 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

बोलने से पहले सोचना चाहिए, क्योंकि बोले गए वचन केवल माफ किए जा सकते हैं भुलाए नहीं जा सकते।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जल्द फटेगा राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम : अजय राय



इनके साथी भी ले रहे चुस्की.... बम थे जितने....सभी रहे फुसकी...

# पूरे शहर में गड्ढों की भरमार, सड़कें बनाने की तैयारी करो सरकार

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** शहर में कोई सड़क ऐसी नहीं बची, जिसके बारे में यह कहा जा सके कि इस सड़क पर सरपट दौड़ा जा सकता है। शहर की हालत ठीक वैसी ही हो चुकी है, जैसी अपने जमाने में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जब मुजफ्फरनगर 27 साल पहले आए थे और अपनी शायरी के अंदाज में कह गए थे कि 'सड़कों में गड्ढे नहीं गड्ढों में सड़क है' ठीक वैसा ही हाल आज उनके स्वर्गवास के बाद भी मुजफ्फरनगर का ज्यों का त्यों चल रहा है। शायद अटल जी भी बैठे ऊपर से यही देख रहे होंगे कि मैंने तो सोचा था कि जब देश व प्रदेश के अंदर हमारी सरकार आएगी तो आम आदमी की दुर्दशा कुछ तो सुधर जाएगी। मगर डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी हाल तो जस के तस हैं। जनपद में दो-दो मंत्री, नगर पालिका भी अपनी होने के बावजूद भी एक वर्ष भी किसी को ऐसा याद नहीं होगा कि पूरे शहर की सड़क तो दूर आधे शहर की सड़क भी चकाचक हो गयी हों और ठेकेदारी के खेल ने तो ऐसा शर्मसार करके रख दिया है कि जो सड़क तीन महीने पहले बनी थी, ऐसा लगता है कि मानों तीस वर्षों पुरानी सड़क हो और अभी हम वर्ष 1990 के जमाने में जी रहे हों। वास्तव में भाजपाइयों ने आम मतदाता को



सीओ सिटी कार्यालय के सामने



मिमलाना रोड

भावुक करके खूब ठगने का काम किया है। भावनाओं में बहकर आम जनता ने यही सोचा था कि ये सरकार ईमानदार लोगों की सरकार होगी। सरकार के बड़े नेता तो वास्तव में आज भी दागदार नहीं हुए मगर छोटे नेताओं ने ठेकेदारी प्रथा चलाकर सत्ता को दागदार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कहीं टाइल्स के खड़ंजे सीमेंट, रेत की जगह मिट्टी पर ही बिछा दिये जाते हैं तो कहीं खुद सरवट फाटक पर जाकर मंत्री ठेकेदारी प्रथा में भ्रष्टाचार का खुलकर खुलासा करते हैं। बावजूद इसके रत्तीभर भी फर्क भ्रष्टाचार पर पड़ता नहीं दिखाई दे रहा। ऐसी ही दुर्दशा अन्य सरकारों में थी और ऐसी ही दुर्दशा ईमानदारी बताई जाने वाली सरकार में है। फिलहाल तो शहर का हर नागरिक चीख-चीखकर यही कह रहा है कि भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो चुकी हैं और सड़कों की ऐसी दुर्दशा शायद आज से पहले कभी नहीं देखी गयी थी। सड़कें ढूंढना मुश्किल हो चला है सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे हरेक सड़क पर दिखाई देते हैं। 2027 आने में भी अब समय नहीं लगेगा, शायद डेढ़ साल का कार्यकाल भी नहीं रह गया है, ऐसे में इन डेढ़ सालों में अपनी खोई हुई साख को बचाने के लिए सरकार के नुमाइंदों को मिल जुलकर शहर की व्यवस्था को ठीक करना मजबूरी हो जाएगा। अब मजबूरी कहो या जरूरी 2027 तक यदि शहर के हालात ठीक न हुए तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से एक बार इस जिले में रही सही एक सीट पर भी सत्ता समाप्त हो जाएगी। यदि समय पर होश आया तो हो सकता है मुजफ्फरनगर जनपद में अपना खोया हुआ जनाधार वापस लौटा ले, पर अभी तक तो ऐसे हालात बने हुए हैं कि जनता विकल्प ढूंढने में लगी है कि इस बार चुने कौन सी सरकार!

## आज भी सभी स्कूल-कॉलेजों में रहेगा बच्चों का अवकाश

### भारी बारिश की आशंकाओं के बीच डीएम ने लिया निर्णय

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के बीच पश्चिमी विक्षोभ के एक बार फिर सक्रिय होने से समूचे उत्तर भारत में तबाही मची है। इस बीच मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच यूपी एवं उत्तराखंड के कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश को लेकर जारी रेड अलर्ट के बीच में प्रशासन द्वारा स्कूल बंद करने का निर्देश दिया है। इन्हीं हालातों के बीच मंगलवार के बाद जिले में 3 सितम्बर का भी डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर बीएसए ने अवकाश घोषित करते हुए जिले में सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के साथ सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में 12वीं की छुट्टी घोषित की गई है। यूपी के कई जिलों में रविवार रात से हो रही झमाझम बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के चलते मुजफ्फरनगर के कई जनपदों समेत सभी स्कूल-कॉलेज बुधवार को तीसरे दिन भी बंद रहेंगे। जिले में मूसलाधार बारिश को देखते हुए मंगलवार सायं डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर बीएसए संदीप कुमार ने 12वीं तक के सभी स्कूल कॉलेजों को बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आदेशों का उल्लघंन किया गया तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



## जाइडस ने पेश किया भारत का पहला ट्राइवेलेन्ट इन्फ्लुएंजा वैक्सीन

**मुंबई, 02 सितम्बर (वार्ता)** वैश्विक फार्मा कंपनी जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने मंगलवार को देश में पहली बार अपना ट्राइवेलेन्ट इन्फ्लुएंजा वैक्सीन 'वैक्सीफ्लू' के नाम से पेश किया है।कंपनी ने बताया कि वैक्सीफ्लू विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वैश्विक जरूरतों के अनुरूप है। मौसमी सर्दी-खांसी-जुकाम (इन्फ्लूएंजा) हर साल गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी रहती है, जिससे 30-50 लाख लोग गंभीर रूप से बीमार होते हैं और लगभग 2.9 लाख से 6.5 लाख लोग श्वसन संबंधी कारणों से मौत का शिकार हो जाते हैं। यह बीमारी बच्चों, बुजुर्गों और असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। रोकथाम पर ध्यान देने की जरूरत पर जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शारविल पटेल ने कहा, "आज जब हम कई तरह की संक्रामक और संचारी बीमारियों से जूझ रहे हैं, ऐसे समय में बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए उचित टीके की बहुत जरूरत है। हमारी कोशिश हमेशा यही रही है कि हम वैश्विक दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय पर टीका उपलब्ध करायें, क्योंकि यह सुरक्षात्मक स्वास्थ्य देखभाल का सबसे अहम हिस्सा है। हमें पूरा विश्वास है कि इससे टीके से बचाई जा सकने वाली बीमारियां और उनसे जुड़ी जटिलताएं, खासकर उच्च जोखिम वाले समूहों में, काफी कम हो जायेंगी।" पहले फ्लू के लिए क्वाड्रावेलेन्ट टीके लगाये जाते थे, लेकिन डब्ल्यूएचओ की 2025-26 की सिफारिशों के अनुसार, मार्च 2020 से बी/यामागाटा वायरस का लगातार न होना दिखाता है कि उसके संक्रमण का जोखिम बहुत कम है। इसी वजह से अब वैक्सीन में इस स्ट्रेन को शामिल करना जरूरी नहीं माना जाता। भारत सरकार के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने भी एनएच 2025-26 में ट्राइवेलेन्ट इन्फ्लुएंजा वैक्सीन के इस्तेमाल की सिफारिश की है। जाइडस ने बताया कि वैक्सीफ्लू टीका छह महीने और उससे ऊपर की उम्र वाले व्यक्तियों को लगाया जा सकता है।

## "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" ट्रैफिक पुलिस ने दिखाई गांधीगिरी

### बिना हेलमेट वाहन स्वामियों को समझाया, नहीं काटा चालान

**मुजफ्फरनगर, 02 सितंबर (बु.)।** यकीन मानिए आप चाहे किसी भी पद पर हों, जब आप नेक काम करते हैं, तो दुआएं भी कमाते हैं और जब जुल्म करते हैं, तो जालिम भी कहलाते हैं। पिछले दो वर्षों से इसी शहर में गांव के गरीबों पर हेलमेट के नाम पर चालान काटने का जो जुल्म हो रहा था, वह पिछले कुछ दिनों से बंद हो गया है और आज जब यही ट्रैफिक और पुलिसकर्मी गांधीगिरी करते दिखाई दिए तो सब ने दुआएं दी चालान काटने से पहले यह गांधीगिरी सबको अच्छी लग रही है । पूरे उत्तर प्रदेश में 1 सितंबर से बिना हेलमेट के पेट्रोल ना देने की कवायद शासन के आदेश पर चल रही है। इस कवायद में चालान काटने से पहले ट्रैफिक विभाग ने इस बार गांधीगिरी दिखाई और पेट्रोल पम्पों पर ट्रैफिक व खाकी पुलिस पहुंची और पहले आम आदमी को जागरूक करने के लिए उन्हें समझाने का प्रयास किया कि यह पूरी सख्ती आपके हित के लिए है, ऐसे में पुलिसकर्मियों को कुछ ऐसे लोग भी मिले, जो घर से हेलमेट पहनकर पेट्रोल भरवाने आए थे। ऐसे लोगों की पुलिस ने खूब पीठ-थपथपाई और उसके बाद उन लोगों को समझाने का काम किया कि जो हेलमेट के बिना पेट्रोल लेने आए थे, उन्हें पेट्रोल भी दिया गया और दोबारा बिना हेलमेट के पेट्रोल ना लें, इसका भी अनुरोध किया गया और ऐसा करके सचमुच ट्रैफिक विभाग में इस बार आम आदमी के दिल को जीतने का कार्य किया, क्योंकि हर बार आर्थिक, मानसिक उत्पीड़न के अलावा इस ट्रैफिक पुलिस ने कुछ किया ही नहीं, बस हर चौराहे पर आम आदमी का उत्पीड़न किया जाता रहा है। मगर इस बार प्रशंसा पाने का कार्य किया है। जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' आदेश के बाद, ट्रैफिक पुलिस विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इस आदेश का पालन न करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान, ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट पहने पेट्रोल भरवाने आए कई वाहन चालकों को चालान काटने के बजाए उनको आगे से हेलमेट के साथ पेट्रोल भरवाने के लिए आने का सुझाव दिया। यह कार्रवाई मुख्य रूप से उन पेट्रोल पंपों के पास की गई, जहां नियमों का उल्लंघन आम था। पुलिस ने न केवल गांधीगिरी से वहां चालकों को समझाया बल्कि ऐसा नहीं होने पर चालान किए जाने के बारे में भी जानकारी दी। ट्रैफिक विभाग का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और पेट्रोल पंप मालिकों को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना हेलमेट पहने किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल न दें। इस सख्ती का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान मुजफ्फरनगर में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बड़ा बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भी कदम है।






## सात माह की गर्भवती महिला की हत्या के मामले में पति को दस साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** वर्ष 2020 के भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर निवासी आस मौहम्मद ने अपनी सात माह की गर्भवती पत्नी तबस्सुम की अतिरिक्त दहेज के चलते हत्या कर दी थी। हत्या के बाद पति आस मौहम्मद सहित परिवार के लोगों ने तबस्सुम की मौत का कारण कोरोना होना बताया था, और गुपचुप तरीके से बिना किसी पुलिस कार्यवाही के शव को दफना दिया था। मगर तबस्सुम के परिजनों ने खुलकर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को एडीजीसी ने बताया कि पोस्टमार्टम में महिला सात माह की गर्भवती निकली थी और साथ ही उसकी जांच रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई थी। ससुराल पक्ष ने जब तबस्सुम के ससुरालियों से कोरोना की रिपोर्ट मांगी थी तो वह रिपोर्ट भी नहीं बनवाई गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति आस मौहम्मद सहित देवर इंसाफ, सास शमीम और चचिया सास शबरीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रेक कोर्ट प्रथम निशांत सिंगला की कोर्ट में हुई, जिसमें आज फैसला देते हुए आरोपी पति आस मौहम्मद को दस साल की सजा सुनाई गयी। इसी के साथ-साथ 56 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया। साक्ष्य के अभाव में बाकी दो लोगों को बरी कर दिया गया जबकि चचिया सास की मुकदमे के दौरान ही मौत हो गयी है। कोर्ट ने अर्थदण्ड की धनराशि से 50 हजार रुपये पीड़ित परिवार को देने के आदेश दिये हैं। डीजीसी राजीव शर्मा, एडीजीसी अमित त्यागी ने बताया कि मृतका मन्सूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बेगराजपुर की रहने वाली थी और उसका विवाह वर्ष 2015 में हुआ था।

## मिर्जापुर में प्रेमी युगल ने लगायी गंगा में छलांग

**मिर्जापुर 02 सितंबर (वार्ता)** मिर्जापुर जिले में कटरा कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री सेतु से मंगलवार दोपहर एक प्रेमी प्रेमिका ने हाथ पकड़ कर गंगा नदी में छलांग लगा ली। घटना के बाद एसडीआरएफ एवं अन्य टीमों द्वारा तलाश की जा रही है। कटरा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वैद्यनाथ सिह ने बताया कि देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के अघौली गांव निवासी छन्नू लाल का पुत्र निखिल (22) और इसी थाना क्षेत्र के धौरुपुर गांव निवासी हरिनाथ चौहान की पुत्री कृति (21) दोपहर लगभग दो बजे शास्त्री सेतु पहुंचे। दोनों ने अपने अपने सामान को नदी के किनारे रख कर रेलिंग से गंगा नदी में छलांग लगा दी। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। दोनों की पहचान उनके मिले पहचान पत्र से हुई। घटना के कारणों की विवेचना की जा रही है । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों ने हाथ पकड़ कर छलांग लगाई तो कुछ लोग बचाने दौड़े तब दोनों गंगा में समा गए। गंगा में बढाव के चलते रेस्क्यू टीम को कठिनाई आ रही है। दोनों के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

# दिनभर बारिश से अस्त-व्यस्त रहा जनजीवन

### ▶▶बाजारों से घरों तक खूब चला चाय-पकोड़ी व समोसों का दौर ▶▶ग्राहकों के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे रहे दुकानदार
### ▶▶बाजारों में छाया रहा सन्नाटा, बारिश से कारोबार रहा ठप्प ▶▶अगले तीन दिन वेस्ट यूपी में जारी ऑरेंज अलर्ट, दी चेतावनी

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर में इस वर्ष अगस्त माह में हुई बारिश ने बीते डेढ़ दशक का रिकार्ड तोड़ा और अब सितंबर में भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना मौसम वैज्ञानिकों द्वारा जताई जा रही है, जिसकी झलक सोमवार को दिनभर जारी रही बारिश के बाद मंगलवार को भी देखने को मिली। इस बीच सुबह से ही बादल छाने व रिमझिम बारिश जारी रहने से पूरे दिन ही जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। मौसम में जारी बदलाव के बीच जहां बाजारों में सन्नाटा सा पसरा रहा, वहीं चाय-पकोडों के साथ दुकानों से घरों तक दिनभर धूम रही। बीते दो दिनों से मुख्य बाजारों में ग्राहक न आने से बड़ी संख्या में व्यापारियों के चेहरों पर मायूसी दिखाई दी। हालांकि इस बीच मंगलवार का सार्वजनिक अवकाश रहने से शहर में कम, लेकिन नई मंडी व गांधी कॉलोनी समेत अन्य बाजारों में व्यापारियों को खाली हाथ घर लौटने के लिए विवश होना पड़ा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत व जनपद मुजफ्फरनगर मुख्यालय व कस्बों में मंगलवार को दूसरे दिन जारी रही रिमझिम बारिश के साथ ही दिनभर बादल छाए रहे। इस बीच कई दौर में गरजने वाले बादलों के साथ ज्यादातर जगह में हल्की से तेज बारिश हुई। मंगलवार में सुबह से ही बादलों की लुकाछिपी के साथ रुक-रुककर वर्षा होती रही, वहीं कुछ क्षेत्रों में बारिश का यह क्रम हल्का रहा तो कहीं मध्यम स्तर की बारिश ने लोगों को जमकर भिगोया। मौसम में जारी बदलाव के चलते तापमान भी सामान्य से नीचे ही दर्ज किया गया। मंगलवार को नगरीय क्षेत्र में वैसे तो 9.2 एमएम बारिश के साथ दिन और रात के तापमान में मात्र दो डिग्री का अंतर शनि अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सप्ताह भर तक हल्की वर्षा का दौर लगातार जारी रहेगा, इसके साथ बादल भी प्रतिदिन छाए रहेंगे। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ तो सक्रिय है ही, उत्तर भारत में निम्न हवा का दबाव क्षेत्र भी बना है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी भी आ रही है। अगले 24 घंटे में एक दर्जन से अधिक जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। इसके लिए अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने वेस्ट यूपी के जनपद मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, अमरोहा, संभल, बदायूं और आसपास के जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और आसपास के क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए यहां भारी से बहुत भारी बारिश होने की इस बीच संभावना जताई है।







## ट्रांसजेंडरों के अधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन करेगा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

**नयी दिल्ली 02 सितम्बर (वार्ता)** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों तथा जीवन के सभी क्षेत्रों में उनके समावेश को बढावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को एक यहां एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। आयोग के अनुसार 'रिवैम्पिंग स्पेसेस, रिक्लेमिंग वॉयस' विषय पर केंद्रित यह सम्मेलन प्रणालीगत भेदभाव से निपटने, जीवंत अनुभवों को बेहतर बनाने और जीवन के सभी क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए सार्थक समावेश को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता पर बल देता है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। इसमें सरकारी अधिकारी, न्यायिक और कानूनी विशेषज्ञ, नीति निर्माता, नागरिक समाज संगठन, सामुदायिक नेता, शिक्षाविद, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और मीडिया के प्रतिनिधि देश में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की गारंटी के लिए आवश्यक चुनौतियों, अवसरों और नीतिगत प्राथमिकताओं पर गहन चर्चा करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण पर संवाद के लिए एक राष्ट्रीय मंच तैयार करना, ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम, 2019 और स्माइल योजना जैसे कानूनी प्रावधानों और कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के साथ-साथ संस्थागत देखभाल को मज़बूत करने, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं रोज़गार तक पहुंच बढ़ाने के लिए व्यावहारिक नीतिगत सुधारों की सिफ़ारिश करना है।

# सूडान में भूस्खलन, 1000 लोगों के मारे जाने की आशंका

**दारफुर, 02 सितंबर (एजेंसी)।** सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने सोमवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं।यह आपदा ऐसे समय में आई है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत शृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।



## नाबालिग का धर्म परिवर्तन और निकाह कराने के मामले में पांच गिरफ्तार

**वाराणसी, 2 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसका धर्म परिवर्तन कराने और निकाह करवाने के मामले में मौलवी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार शाम को तीन आरोपियों मुर्सलिन, मौलवी मो हसीन और आबिद सुलतान को गिरफ्तार कर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों मुर्सलिन, मौलवी मो हसीन और आबिद सुलतान का कान पकड़कर माफी मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़िता के पिता ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल से मुलाकात की। इसके बाद पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सोमवार रात को मुकदमा दर्ज किया गया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक बाल अपचारी और एक महिला की गिरफ्तारी भी सोमवार को हुई थी।

## दिल्ली में रील्स बनाने के विवाद में सोशल मीडिया आर्टिस्ट की पति ने की हत्या

**नयी दिल्ली, 02 सितंबर (वार्ता)** दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति अमन (35) ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गयी और उसकी जान बच गयी। दंपति के दो पुत्र हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के निवासी हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार तड़के करीब 4:23 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को नजफगढ़ के पुरानी रोशनपुरा में किराये के मकान में महिला की हत्या की सूचना दी थी। इस मकान में वह दंपति अप्रैल 2025 से रह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को 30 वर्ष महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि वह एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट थी और सोशल मीडिया पर उसके 6,000 फॉलोअर्स थे। पति अमन, एक ई-रिक्शा चालक का काम करता था। वह अपनी पत्नी के सोशल मीडिया पर रील्स बनाने और इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप पर सक्रिय रहने का विरोध किया करता था, जिसके चलते दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। उपायुक्त ने बताया



कि पत्नी की हत्या के बाद आरोपी अमन ने भी फांसी लगाने और जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की थी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे समय रहते पकड़ लिया और आरटीआरएम अस्पताल में उसका इलाज करवाया, जहां वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने नजफगढ़ थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू की गयी है।

# नगर विकास में लगातार हो रही वर्षा ने डाली बाधा, अभी काम रुका आधा

## - 15 प्रमुख कार्य कराने के लिए पालिका कर रही मौसम का इंतजार

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** नगरीय विकास को पंख लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच बीते दो दिनों से बारिश के चलते कई योजनाएं इस समय काले बादलों के साए में अटकी हुई हैं। ऐसे में नगर विकास में यूं हो रही लगातार वर्षा के कारण शहर में आधा काम रूका हुआ है। एक ओर नगरपालिका परिषद् ने नगरीय विकास व सौंदर्यकरण में करीब 15 से अधिक कार्यों को धरातल पर लाने की रूपरेखा तैयार करते हुए इन्हें शुरू कराने को कमर कसी थी, ऐसे में नगर में हो रही बारिश ने इन कार्यों की गति को थाम दिया है। इनमें सबसे प्रमुख कार्य अहिल्याबाई चौराहे के सौंदर्यकरण का है, जिसको शुरू कराने की तैयारियों पर मौसम ने पानी फेर दिया। नगरपालिका परिषद् की ओर से राज्य वित्त और 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत शहर के सभी 55 वार्डों में सीसी सड़क के साथ आरसीसी नाली निर्माण के सैकड़ों कार्य स्वीकृत हैं, जिन्हें शुरू करने के लिए ठेकेदारों को कार्य आदेश भी जारी कर दिए हैं, पूर्व में समय से कार्य शुरू न करने वाले कई ठेकेदारों को चेयरपर्सन




मीनाक्षी स्वरूप की नाराजगी के चलते नोटिस भी जारी किये गये, लेकिन इनके सामने खराब मौसम ही बड़ी बाधा बना है। छोटे-मोटे सड़क निर्माण कार्य शुरू भी कराये गये, लेकिन मौसम ने इनमें भी बाधा पैदा कर दी। वहीं खराब मौसम के कारण पालिका प्रशासन शहर के विकास को नया रूप प्रदान करने वाले कई प्रमुख कार्यों को भी शुरू नहीं करा पा रहा है। इनमें अस्पताल तिराहे पर देवी अहिल्याबाई स्मारक, पार्क और साइड पटरी निर्माण कार्य सबसे प्रमुख है। इस पर पालिका करीब सवा करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। बीते दिनों मंत्री कपिल देव ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ मिलकर बहुप्रतीक्षित इस सौन्दर्यकरण कार्य को शुरू कराने के लिए भूमि पूजन भी किया था, लेकिन इसके बाद मौसम खराब रहने से यह कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसके अलावा नई मंडी डाकघर के पास डैंस रोड, करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली विश्वकर्मा चौक से टिकैत चौक तक राजवाहा डैंस रोड, पालिका ईओ आवास वाली डैंस रोड, लोक निर्माण विभाग के माध्यम से करीब 92 लाख रुपये धनराशि से मालवीय चौक से नावल्टी चौक तक की डैंस रोड सहित करीब 15 कार्य हैं, जिन्हें पालिका जल्द पूरा कराने की तैयारी कर चुकी थी। अंसारी रोड के लिए पालिका ने लोनिवि को व्ययानुमान के अनुसार 92 लाख रुपये की धनराशि ट्रांसफर की थी, लेकिन यह लंबे समय से अधर में है।

उधर इस सम्बन्ध में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि शहर के विकास के लिए काफी कार्य कराये जा रहे हैं, काफी कार्य प्रस्तावित भी हैं। हमने विकास कार्य के लिए बजट स्वीकृत कर लिया है और कई कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं। मौसम साफ होते ही सभी रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। इनमें अहिल्याबाई स्मारक सौन्दर्यकरण कार्य काफी महत्वपूर्ण है। पालिका के लिए यह चौराहा नगर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाने वाला एक महत्त्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, लेकिन खराब मौसम की मार ने इसके क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इसके साथ कुछ बड़ी डैंस रोड नहीं बन पा रही है, हम बस मौसम सही होने का इंतजार कर रहे हैं।

## चेयरपर्सन ने नगर विकास को बढ़ाए कदम, प्रस्ताव किए तैयार

### - 300 से ज्यादा विकास कार्यों पर लगेगी अब स्वीकृति की मुहर

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** नगर विकास को गति देने के साथ धरातल पर कार्य किए जाने की पवित्र मंशा के साथ चेयरपर्सन दिन रात जनता के बीच रह कार्य करने में जुटी हैं। इस कड़ी में नगरपालिका परिषद् के अंतर्गत 55 वार्डों में विभाजित शहरी क्षेत्र में करीब 200 निर्माण कार्य प्रक्रियागत हैं, ऐसे में 300 नए विकास कार्य कराने का एक नया प्लान पालिका चेयरपर्सन ने तैयार करने के साथ पालिका की बोर्ड बैठक में स्वीकृति के लिए तैयार किया है, ताकि पालिका क्षेत्र की दिशा और दशा में पूर्ण रूप से परिवर्तन दिखाई दे सकें। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याण एवं सबका साथ- सबका विकास नीति के आधार पर धरातल पर योजनाओं का इस बीच



क्रियान्वयन करने में जुटी हैं। इसी कड़ी में इन प्रस्तावित कार्यों को आगामी बोर्ड बैठक में सदन की सहमति प्राप्त करने के लिए रखने की तैयारी की गई है। बीते 3 जून को पालिका की संपन्न हुई बोर्ड बैठक के बाद अब पालिका प्रशासन में अगली बैठक की तैयारी तेजी से चल रही है। इस बैठक में नगरीय विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। बोर्ड बैठक में शहर में जल निकासी के साथ पेयजलापूर्ति, पथ प्रकाश और सफाई व्यवस्था के लिए बड़े निर्णय लिए जाने की संभावना है, साथ ही निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात मिलेगी। इनमें सभासदों, मंत्री कपिल देव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के भी प्रस्तावों पर सभी वार्डों में करीब 200 से अधिक सीसी सड़कों के बनाने का प्रस्ताव है। वहीं भोपा रोड पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत से साइड पटरी निर्माण, भोपा रोड पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत से जीवन प्रकाश हॉस्पिटल मंडी मोड़ से विश्वकर्मा चौक से सीसी नाला निर्माण, शांतिनगर में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य प्रमुख रूप से प्रस्तावित किये गये हैं।

## खतरे के निशान से ऊपर यमुना, कैराना और चौसाना में हजारों बीघा फसल डूबी

**कैराना, 02 सितम्बर (बु.)।** हथिनीकुंड बैराज से सोमवार सुबह छोड़े गए 3 लाख 29 हजार क्यूसेक पानी का असर मंगलवार को यमुना में दिखा। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से आधा मीटर ऊपर पहुंच गया। उफनती लहरें और शोर मचाता पानी आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा कर रहा है। कैराना व चौसाना क्षेत्र में हजारों बीघा सब्जी, गन्ना और चारे की फसलें जलमग्न हो गईं। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया और अब उनकी नजर सरकार व प्रशासन की ओर है। सोमवार सुबह 9 बजे पानी का दबाव बढ़ने पर हथिनीकुंड बैराज के सभी गेट खोल दिए गए थे। इसके चलते यमुना का जलस्तर 232 मीटर तक पहुंच गया, जबकि खतरे का निशान 231.5 मीटर है। हालांकि, रात तक डिस्चार्ज घटकर ढ़ाई लाख क्यूसेक से भी कम रह गया। इसके बावजूद तेज बहाव के कारण हालात चिंताजनक बने हुए हैं। यमुना पुल



के पास बने केंद्रीय जल आयोग कार्यालय के चारों ओर बाढ़ का पानी भर गया, जिससे कर्मचारी ऊंचाई वाले स्थान पर बैठने को मजबूर हो गए। पुल के पास बने शिव मंदिर में भी बाढ़ का पानी भर गया। नदी और तटबंध के बीच हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए उपजिलाधिकारी निधि भारद्वाज ने तटबंध का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ चौकियों को अलर्ट रहने और गांवों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। मामौर निवासी तालिब ने बताया कि उसकी 8 बीघा मिर्च की फसल और पोपलर के पेड़ डूब गए। नुकसान के कारण परेशानी होगी। मवी निवासी मेघराज ने कहा कि 150 बीघा पर लगे अमरूद, नाशपाती के बाग और धान-ज्वार की फसलें जलमग्न हो गईं। विजय पाल भाटी ने कहा कि 20 बीघा गन्ने की फसल में पानी भर गया है। प्रशासन से मदद की मांग की है। रुकमदीन ने कहा कि 40 बीघा धान और सब्जियां पूरी तरह खराब हो गईं।

## पुल की दीवार दरकने से रोका गया वाहनों का आवागमन

**भोपा, 02 सितम्बर (बु.)।** भारी वाहनों के लगातार आवागमन के चलते थानाक्षेत्र भोपा की निरगाजनी झाल के पास स्थित पनचक्की के ब्रिटिश कालीन पुल की दीवारें दरक गई और उसका मलबा नीचे गिर गया, जिसके बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना पास में ही स्थित सीकरी चौकी के पुलिसकर्मियों को दी। पुलिसकर्मियों की सूचना पर पहुंचे सिंचाई विभाग और लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने किसी भी दुर्घटना की आशंका के चलते पुल पर आवागमन बंद करने का निर्णय लिया और पुल के दोनों ओर दीवारें करवा दी। इसी के साथ बरला से शुकतीर्थ को जोड़ने वाला मार्ग बंद हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। भोपा थाना क्षेत्र के बरला शुकतीर्थ मार्ग पर ब्रिटिश कालीन पनचक्की के पास गंगनहर पर बना पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण पुल पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। लोक निर्माण विभाग ने पुल के दोनों तरफ बैरिकेडिंग और दीवारें लगा दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह पुल अंग्रेजों के शासनकाल का है। ग्राम सड़क योजना के तहत बनी चौड़ी सड़क पर यह पुल अपेक्षाकृत संकरा हो गया था। पिछले कई वर्षों से इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन अधिक रहा है। रोजाना सैकड़ों भारी वाहन इसी पुल से होकर



मार्ग से गुजरते थे। हाल ही में पुल के एक हिस्से की दीवार टूट कर गंग नहर में जा गिरी थी और पुल पर सड़क कई स्थानों से नीचे की ओर धंस गई थी। मंगलवार को कुछ




राहगीर जब पुल से गुजरे, तो उन्होंने पुल को दरकते देखा और मामले की सूचना थाना क्षेत्र भोपा की सीकरी चौकी पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को दी, जिस पर पुलिसकर्मियों ने मामले की सूचना सिंचाई विभाग को दी। सूचना पर सिंचाई विभाग और लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पुल पर वाहनों का आवागमन बंद करने का फैसला लिया। वर्तमान में पुल से केवल बाइक निकल सकती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की गंग नहर पर बने पुलों की कई बार मरम्मत हुई है और कई नए पुल भी बनाए गए हैं, लेकिन यह अंग्रेजों के समय का पुल आज भी मजबूत था। हालांकि अब दीवारें दरकने के कारण और क्षतिग्रस्त होने के कारण पुल पर वाहनों का आवागमन रोक गया है। पुल के बंद हो जाने से रहमतपुर, गड़वाडा, सिकंदरपुर गांव के किसानों को खेत पर जाने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वहीं प्रतिदिन इस मार्ग से शुकतीर्थ व मोरना क्षेत्र से बसेड़ा, बरला, देवबन्द, सहारनपुर आदि की ओर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने पावर हाउस पर बने संकरे पुल के स्थान पर नए पुल के निर्माण की मांग की है।

## शाहपुर क्षेत्र में लगातार बारिश गरीब के आशियाने पर भारी पड़ी

### - भर-भराकर गिर गई गरीब विधवा महिला के मकान की छत
### - ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की

**शाहपुर, 02 सितम्बर (बु.)।** गांव सोरम में लगातार हो रही बारिश से एक गरीब महिला के मकान की छत भर-भराकर गिर गई, जिससे उसका हजारों रुपए का नुकसान हो गया। कस्बे व क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते गांव सोरम निवासी कुसुम पत्नी स्व. राजेंद्र के कच्चे मकान की कड़ियों की छत अचानक भर-भराकर गिर गई। गनीमत रही की छत गिरने के समय बुजुर्ग महिला मकान के बाहर मौजूद थी, जिससे उसकी जान बच गई। मकान की छत गिरने से मकान में रखा हजारों रुपये का सामान मलबे में दब गया। ग्रामीणों ने बताया कि पीड़िता मवेशी पालकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल तहसील प्रशासन को दी गई, लेकिन शाम तक कोई भी अधिकारी या जांच टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि गरीब महिला पहले ही बड़े मुश्किलों से अपना जीवन यापन कर रही थी, अब उसके मकान की छत गिरने से उसके सामने संकट और गहरा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से महिला को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। गांव प्रधान करणवीर सिंह ने बताया कि बुजुर्ग महिला के मकान की छत गिरी है, प्रशासन को अवगत कराया गया है। पीड़िता को प्रशासन से मुआवजा दिलाया जाएगा।





## शाहपुर में भारी बरसात एवं तेज हवाओं से ईख की फसल जमीन पर बिछ गई, चेरी को भी नुकसान

**शाहपुर, 02 सितम्बर (बु.)।** पिछले दो दिन से लगातार हो रही तेज वर्षा से नगर व देहात क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा तथा तेज हवाओं के चलते खेतों में खड़ी चेरी व ईख की फसल जमीन पर गिर गई। किसानों को बारिश रुकने के बाद फिर से कड़ी मेहनत करके ईख की बंधाई करनी पड़ेगी। कल प्रातः 4:00 बजे से ही पूरी तेज बारिश हुई। वहीं आज दोपहर से लगातार देर रात तक बारिश जारी थी। लगातार कई घंटे बारिश पड़ने से जहां नगर के कई मौहल्लों में जल भराव की स्थिति सामने आई, तो वहीं देहात व खेतों में ईख व चेरी की फसल तेज हवाओं के चलते गिर गई। किसान रतन सिंह, विकास बालियान, राहुल देवा आदि का कहना है कि अब फिर से खेतों में बारिश रुकने के बाद ईख की बंधाई करनी पड़ेगी, क्योंकि फिलहाल फसल पूरी तरह से जमीन पर बिछ गई है। उधर, नगर पंचायत शाहपुर के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन व नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने नगर में जल भराव की सूचना पर निरीक्षण किया और तत्काल सफाई कर्मचारियों को ले जाकर नाले व नालियों से कूड़ा-करकट निकलवा कर पानी की निकासी कराई। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि बारिश रुकने के बाद विशेष सफाई अभियान चला कर सारे नाले-नालियों की विशेष सफाई कराई जाएगी।





## छटें दिवस पर सुगन्ध दशमी पर्व मनाया गया

**खतौली, 02 सितम्बर (बु.)।** जैन धर्म के दशलक्षण पर्व के छठें दिवस पर सुगन्ध दशमी पर्व मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जैन धर्म के दशलक्षण पर्व पर प्रातः काल में जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जिनेन्द्र प्रभु का अभिषेक व शांतिधारा की गई। इस दौरान जैन श्रद्धालुओं द्वारा परिवारजनों सहित उपवास रखते हुए मंदिरों में दर्शन किये। इस अवसर पर श्रीचन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाड़ा में प्रबंध समिति व अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में जयपुर से पधारे पंडित अखिल जैन शास्त्री ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि संयम का अर्थ आत्म नियंत्रण है। पांच इंद्रिय एवं मन की प्रवृत्तियों पर अंकुश रखना व षटकाय के जीवों को विराधना न करना ही उत्तम संयम धर्म है। रात्रि में मंदिर में द्रव्य संग्रह शिविर की कक्षा व रंगा कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। कार्यक्रम में कल्पेन्द्र जैन, राज कुमार जैन प्रवक्ता, राम कुमार जैन, विनय जैन, हितेश सर्राफ, सार्थक, जयभगवान, पारस जैन, अन्जू, अंजलि, मृदुला, शुभम, आगम, अंकित जैन, मनोज आढ़ती, मदन, राहुल जैन, निशान्त, नित्यम, शिल्पी, रीतू, सोनम आदि सहित भारी संख्या श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## पंजाब में आम आदमी पार्टी की किरकिरी, दुष्कर्म केस में आप विधायक पुलिस की गिरफ्त से फरार

**चंडीगढ़, 02 सितंबर (एजेंसी)।** पंजाब की राजनीति इस समय बड़े बवाल से गुजर रही है। मंगलवार सुबह आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पुलिस ने गिरफ्तार किया, लेकिन कुछ ही घंटों में खबर आई कि वह हिरासत से निकल भागने में सफल हो गए। इस घटनाक्रम के बाद राज्य की सियासत और भी गर्मा गई है। हरमीत सिंह पठानमाजरा, पटियाला जिले की संनौर विधानसभा सीट से आप विधायक हैं। 46 वर्षीय पठानमाजरा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार हरिंदर पाल सिंह चंदूमाजरा को लगभग 50 हजार वोटों से हराया था। उनका राजनीतिक सफर 1994 में अकाली दल से शुरू हुआ था, जबकि 2020 में उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। पिछले दिनों पठानमाजरा अपनी ही सरकार पर निशाना साधते दिखाई दिए थे। उन्होंने हालिया बाढ़ आपदा के लिए सीधे सिंचाई विभाग के प्रमुख अधिकारी कृष्ण कुमार को जिम्मेदार ठहराया था। पार्टी के खिलाफ उठी इस बगावती आवाज के कारण वह लगातार सुर्खियों में रहे। जाब पुलिस ने उन्हें हरियाणा के करनाल जिले के गांव डबरी से गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी आईपीसी की धारा 376 यानी दुष्कर्म से जुड़े एक पुराने केस के सिलसिले में हुई थी। हालांकि, गिरफ्तार होने के कुछ समय बाद ही वह पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गए। इस घटना ने न सिर्फ पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पंजाब की राजनीति को भी हिला कर रख दिया है। बाढ़ को लेकर अपनी ही पार्टी की सरकार पर हमला करने और उसके केंद्रीय नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पर बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पठानमाजरा पर बलात्कार, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला जीरकपुर की एक महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि विधायक ने खुद को तलाकशुदा बताया, उसके साथ संबंध बनाए और बाद में 2021 में शादीशुदा होते हुए भी शादी कर ली। उसने विधायक पर लगातार यौन शोषण, धमकियों और उसे अश्लील सामग्री भेजने का आरोप लगाया।

## अपनी हरी भरी ट्रेन से 20 घंटे का सफर तय कर चीन पहुंचे किम जोंग उन



**नई दिल्ली, 02 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन छह साल बाद मंगलवार को अपनी बुलेट ट्रेन से चीन पहुंचे, उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि वे बीजिंग जाएंगे और वहां द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सैन्य परेड में हिस्सा लेंगे। किम जोंग उन सैन्य परेड में शामिल होने के लिए अपनी बुलेट ट्रेन से 20 घंटे की यात्रा कर बीजिंग पहुंचे हैं। इस समारोह में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल होंगे। प्योंगयांग से बीजिंग तक का किम जोंग उन का सफर कई मायनों में बेहद दिलचस्प है।

बता दें कि मीडिया से गायब रहने वाले तानाशाह किम जोंग उन की साल 2023 के बाद यह पहली विदेश यात्रा है। इससे पहले किम 2023 में रूस के दौरे पर गए थे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। किम जोंग उन की इस ऐतिहासिक ट्रेन को शाही सवारी कहा जाता है। इस ट्रेन की खासियत ये है कि इसमें किम के पिता और दादा भी इससे सफर कर चुके हैं। किम को यह ट्रेन इसलिए पसंद है कि ये बुलेट प्रूफ होने के साथ-साथ हथियारों और सैनिकों से लेस है। इसकी सुरक्षा को भेद पाना आसान नहीं है। यही कारण है कि किम जोंग उन अपनी विदेश यात्रा पर अपनी ही ट्रेन से जाते हैं। दो साल पहले जब किम रूस गए थे तो इसी ट्रेन से गए थे। इससे पहले 60 घंटे की यात्रा कर इसी ट्रेन से वो वियतनाम गए थे। 2018 में जब किम जोंग उन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने गए थे, तो चीन ने उनके लिए बोइंग 787 विमान भिजवाया था, जिसमें सवार होकर वो सिंगापुर गए थे।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए का दावा- ट्रम्प अपना फायदा देख रहे, पाकिस्तान पर मेहरबानी की वजह फैमिली बिजनेस

**बाशिंगटन, 02 सितंबर (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने राष्ट्रपति ट्रम्प पर देश की बजाय अपना फायदा देखने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि ट्रम्प ने पाकिस्तान से फैमिली बिजनेस के लिए भारत के साथ अमेरिका के रिश्तों को खराब किया है। सुलिवन ने कहा कि ट्रम्प के फैसले का नुकसान पूरे देश को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने अपने निजी फायदे के लिए भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ये ट्रम्प की विदेश नीति का वो पहलू है जिसे अभी तक नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प, अमेरिका की विदेश नीति से अलग हटकर पाकिस्तान और सेना प्रमुख आसिम मुनीर को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अमेरिका हमेशा से भारत के साथ अच्छे रिश्ते रखना चाहता है। भारत से अच्छे रिश्ते बनाने में अमेरिका को फायदा है। जेक सुलिवन ने यूट्यूब चैनल मीडासटच से बातचीत में कहा कि अमेरिका कई सालों से भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की कोशिश करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका को उसके साथ तकनीक, टैलेंट, आर्थिक मामलों और दूसरे कई मुद्दों पर मिलकर काम करना चाहिए। इसके साथ ही चीन के रणनीतिक खतरों से निपटने के लिए भी भारत के साथ साझेदारी जरूरी है। सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ संबंधों को खत्म करने का ट्रम्प का कदम अपने आप में एक बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान है क्योंकि एक मजबूत अमेरिका-भारत संबंध हमारे हितों की पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया का कोई भी देश अमेरिका पर निर्भर नहीं रह सकता और स्थिति को देखेगा। पाकिस्तान में 14 मार्च 2025 को पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल की स्थापना हुई थी। इसका मकसद देश को दक्षिण एशिया का क्रिप्टो हब बनाना था। अगले महीने 26 अप्रैल यानी कि पहलगाम हमले के सिर्फ 4 दिन बाद पीसीसी ने ट्रम्प परिवार से जुड़ी कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के साथ एक समझौता किया था। वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल में ट्रम्प परिवार (बेटे एरिक और ट्रम्प जूनियर और दामाद जेरेड कुशनर) की 60% हिस्सेदारी है। पाकिस्तान ने वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल के साथ ब्लॉकचेन तकनीक और क्रिप्टो को बढ़ावा देने का करार किया। कंपनी का दावा है कि वह पाकिस्तान में ब्लॉकचेन इनोवेशन, स्टेबलकॉइन और वित्तीय व्यवस्था को तेजी से लागू करने में मदद करेगी। पाकिस्तान जैसे देश के साथ समझौता होने का मतलब है कि करोड़ों लोगों वाले एक बड़े बाजार में इस कंपनी को एंट्री मिल गई। इस डील में पाकिस्तानी पीएम, सेना प्रमुख, डिप्टी पीएम, सूचना मंत्री, रक्षा मंत्री और वित्त मंत्री शामिल थे।



## ट्रंप को एक और कोर्ट का झटका, विरोध प्रदर्शनों के दौरान ट्रम्प द्वारा नेशनल गार्ड का इस्तेमाल को बताया गैरकानूनी

**लॉस एंजिल्स, 02 सितंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में आव्रजन प्रवर्तन अभियानों और उससे जुड़े विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड के सैनिकों के इस्तेमाल में संघीय कानून का उल्लंघन किया है, एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। हालांकि, सैन फ्रांसिस्को में न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने शेष सैनिकों को वापस बुलाने का आदेश नहीं दिया। उन्होंने अपने आदेश को शुक्रवार से लागू करने का आदेश दिया। यह आदेश कैलिफोर्निया द्वारा दायर मुकदमे के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि गर्मियों में लॉस एंजिल्स भेजे गए सैनिक उस कानून का उल्लंघन कर रहे थे जो घरेलू कानूनों के सैन्य प्रवर्तन पर रोक लगाता है। ट्रंप के रिपब्लिकन प्रशासन के वकीलों ने तर्क दिया है कि पॉसे कॉमिटेटस अधिनियम लागू नहीं होता क्योंकि सैनिक संघीय अधिकारियों की रक्षा कर रहे थे, न कि कानूनों को लागू कर रहे थे। उनका कहना है कि सैनिकों को एक ऐसे अधिकार के तहत तैनात किया गया था जो राष्ट्रपति को उन्हें तैनात करने की अनुमति देता है। न्यायाधीश का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब ट्रंप ने शिकागो, बाल्टीमोर और न्यूयॉर्क जैसे डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में नेशनल गार्ड की तैनाती पर चर्चा की है। उन्होंने देश की राजधानी में अपने अभूतपूर्व कानून प्रवर्तन अधिग्रहण के हिस्से के रूप में पहले ही गार्ड तैनात कर दिए हैं, जहाँ उनके पास डी.सी. नेशनल गार्ड पर सीधा कानूनी अधिकार है।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र असीम अरोरा शारदेन स्कूल, जिला मुजफ्फरनगर में अध्ययरनरत है, के स्कूली दस्तावेजों में मेरा नाम राजीव अरोरा दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम राजीव कुमार है। अतः निवेदित है कि मेरा नाम राजीव अरोरा के स्थान पर राजीव कुमार दर्ज किया व समझा जाये।

**राजीव कुमार पुत्र श्री राधेश्याम**
**निवासी-1115, पुरुषार्थी कॉलोनी, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर**



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## मराठा आरक्षण आंदोलन-जरांगे आंदोलन खत्म करने को तैयार

**मुंबई, 02 सितंबर (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे को मुंबई के अनशन स्थल आजाद मैदान पर 3 सितंबर की सुबह तक रुकने की अनुमति दे दी। इससे पहले अदालत ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने को कहा था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को भी फटकार लगाई। कहा कि प्रशासन ने उसके आदेशों को लागू क्यों नहीं किया। जबरन मैदान खाली कराने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए। अदालत ने कहा कि अगर बुधवार तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वह कड़ा आदेश जारी करेगी और किसी भी हद तक जाएगी। इस बीच महाराष्ट्र के मंत्री जरांगे से मिलने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कहा, ह्महम जीत गए हैं। अगर सरकार आरक्षण की मांगों पर जीआर (आदेश) जारी कर देती है तो वह आज रात 9 बजे तक मुंबई छोड़ देंगे।" मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने दोपहर में समिति के अन्य सदस्यों शिवेंद्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे के साथ आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और समिति द्वारा तैयार किए गए मसौदे पर उनके साथ चर्चा की। पाटिल ने बताया कि अब तक विरोध प्रदर्शनों के दौरान मरने वालों के परिजनों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के हिसाब से एक हफ्ते के अंदर मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाएगी। समिति ने जरांगे को बताया कि अब तक मृतक प्रदर्शनकारियों के परिजनों को 15 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है और बाकी राशि एक हफ्ते के भीतर दे दी जाएगी।



## के. कविता बीआरएस से निलंबित, पिता के.चंद्रशेखर राव ने लिया एक्शन

**हैदराबाद, 02 सितंबर (एजेंसी)।** भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी कल्वाकुंतला कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। के कविता के पिता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित करने फैसला सुनाया। पार्टी लाइन का उल्लंघन करने के आरोप में उन पर ये एक्शन लिया गया है। तेलंगाना की राजनीति में इन दिनों काफी उथल-पुथल देखने को मिल रहा है। मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति और पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव के परिवार में चल रही अंदर कलह सबके सामने आ गया। के कविता को आज, 2 सिंतबर को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। बीआरएस ने ट्वीट कर इस फैसले की जानकारी दी। पोस्ट में लिखा है, के. कविता को बीआरएस से निलंबित किया गया। पार्टी नेतृत्व इस मामले को गंभीरता से ले रहा है क्योंकि पार्टी एमएलसी के. कविता के हालिया व्यवहार और चल रही पार्टी विरोधी गतिविधियों से बीआरएस पार्टी को नुकसान पहुंच रहा है। पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने के. कविता को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित करने का निर्णय लिया है।" दरअसल, बीते दिनों के कविता ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव पर बीजेपी में पार्टी विलय कराने का गंभीर आरोप लगाए हैं। सस्पेंशन से एक दिन पहले ही के.कविता ने बीआरएस के भीतर तूफान खड़ा कर दिया था। उन्होंने खुले तौर पर पार्टी सहयोगियों पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था।



### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-6582/18-08-2010 में गलती से नाम सार्थक अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम सार्थक अरोरा है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**आशीष अरोरा**
**निवासी-गांधी कॉलोनी, हाउस नं. 473, गली नं. 11 (मुजफ्फरनगर)**
**मो. : 9760038578**



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री का बिहार को सम्बोधन

प्रधानमन्त्री एससीओ शिखर सम्मेलन के बाद भारत लौटे, उन्होंने बिहार की जनता को वर्चुअली सम्बोधित किया। प्रधानमन्त्री अपनी मां पर अभद्र टिप्पणी किये जाने पर भावुक भी हुए। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की यह विदेश यात्रा उनकी कूटनीति की ऐतिहासिक सफलता है, जो लोग कह रहे थे कि भारत की विदेश नीति असफल हो गई, उनको मोदी,पुतिन और शी जिनपिंग की दोस्ती देखकर धक्का लगा है। एक तरफ दुनिया के अखबार प्रधानमन्त्री की तस्वीरों से भरे पड़े हैं, उनके चुंबकीय व्यक्तित्व के लिए लेख लिखे जा रहे हैं, तो कुछ लोग हैं, जो उनकी ऐतिहासिक यात्रा में भी कीड़े निकाल रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए किसी ने एक वीडियो में कहा है कि जो अपने देश के सम्मान में कुछ नहीं कहता, जिसे भारत की प्रगति दिखाई नहीं पड़ती, जो भारत का गुणगान सुनकर भी गर्व से नहीं भर जाता, जो विदेशी लोग भारत को लेकर नकारात्मक बातें करते हैं उनका समर्थन करता हो, वो अच्छा नेता तो है ही नहीं वो अच्छा आदमी भी नहीं है। इन दिनों न्यूज चैनलों पर बहस में विपक्ष के प्रवक्ताओं को अपना और अपने नेताओं का सम्मान बचाना मुश्किल हो रहा है। अभी कुछ दिनों पहले दिवंगत हुए शायर राहत इन्दौरी का एक शेर प्रधानमन्त्री के व्यक्तित्व पर सटीक बैठता है, शेर है -

मैं नूर बनके जमाने में फैल जाऊंगा,
तुम आफताब में कीड़े निकालते रहना।

शेर का आशय है कि मैं प्रकाश बनकर जगत में फैल जाऊंगा और तुम सूर्य में कीड़े निकालते रहना। दुनिया के अखबार प्रधानमन्त्री की तस्वीरों से लेखों से भरे पड़े हैं, प्रधानमन्त्री प्रकाश की तरह छा गए हैं और कुछ लोग हैं, जो अब भी नुक्ताचीनी कर रहे हैं, उन्हें प्रधानमन्त्री का सम्मान हजम नहीं हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की उथल-पुथल भरी टैरिफ नीतियों की वजह से यह समिट दुनिया भर की मीडिया में छाया रहा। इस बार 3400 से ज्यादा पत्रकार इस समिट को कवर करने पहुंचे थे। दुनिया भर के मीडिया ने इस समिट को कवर किया। मीडिया ने भारत और चीन की नजदीकियों को मौजूदा जियो-पॉलिटिकल परिदृश्य में बेहद महत्वपूर्ण बताया है। एक तस्वीर जो भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन सहित दुनिया के कई अखबारों में छपी, जिसमें एक कार में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेन्द्र मोदी साथ दिखे। प्रधानमन्त्री मोदी ने भी सोशल मीडिया पर यह तस्वीर शेयर की।शेयर करते हुए लिखा कि राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर हमेशा खुशी होती है। पुतिन के साथ मोदी की यह तस्वीर बहुत कुछ कहती है। इस तस्वीर के सामने आते ही अमेरिका की ट्रम्प सरकार में खलबली मच गई और भारत को लेकर दनादन बयान जारी होने लगे। ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने पीएम मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो को अमेरिका में अंट शंट बयानबाजी के लिए जाना जाता है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस के बजाय हमारे साथ होना चाहिए। इससे पहले भी नवारो ने एक इंटरव्यू में रूस-यूक्रेन जंग को मोदी की जंग बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारों ने इससे पहले भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। यह बात भारतीयों को समझनी चाहिए। कल प्रधानमन्त्री मोदी ने जापान और चीन के दौरे से लौटने के बाद बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम मोदी ने योजना शुरू की और अपनी मां पर की गई अभद्र टिप्पणी का उल्लेख करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कांग्रेस-आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके मंच से उनकी स्वर्गीय मां को गालियां दी गईं। बिहार में कुछ दिन पहले जो कुछ हुआ, उसकी मैंने कल्पना नहीं की थी। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, ये देश की मां-बहन, बेटी का अपमान है। इस घटना की जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों के दिल में भी है। मैं आपसे अपना दुःख साझा कर रहा हूं, ताकि मैं इस पीड़ा को झेल पाऊं। 36 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा, मैं गरीब परिवार से हूं। समाज और देश की सेवा में लगा हूं। मैंने हर दिन हर क्षण अपने देश के लिए, देशवासियों के लिए मेहनत की। इसमें मेरी मां का आशीर्वाद, मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका थी। मुझे जन्म देने वाली मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। मुझे आज इस बात की पीड़ा है। मां ने मुझे देश सेवा के लिए रवाना किया था। हर मां चाहती है कि बेटा बड़ा हो। मेरे लिए कुछ करे। मेरी मां ने ऐसा नहीं सोचा। उन्होंने मुझे आपके लिए भेजा।मां का स्थान देवी-देवताओं से ऊपर माना जाता है। बिहार ही के संस्कार हैं। माई के स्थान देवता से भी ऊपर होवेला। काही के आपन बाल बच्चा खातिर ऊ कोनो देवी नियर पोल पास के बड़ा करेली, माई के बिना कोनो जिंदगी ना बनप सकेला। ये गालियां करोड़ों माताओं-बहनों को दी गईं। ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज इस पीड़ा को नहीं समझ सकते हैं। ये नामदार लोग सोने-चांदी के चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। गंदी नाली का कीड़ा, जहर वाला सांप, बिहार चुनाव में मुझे तू-तड़ाक कर के गाली देकर बोलते हैं। इनकी नामदार वाली सोच बार-बार उजागर होती है। इसी सोच से अब मेरी मां जिसका शरीर नहीं रहा, जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं। अपने मंच से गालियां दिलवा रहे हैं। आज से 20 दिन बाद नवरात्रि शुरू होगी, इसके बाद छठ मइया की पूजा होगी। छठ का पर्व मनाया जाएगा। भारत की धरती ने मां का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया है। मैं बिहार के लोगों से भी कहूंगा, इस अपमान की भरपाई बिहार के हर बेटे की जिम्मेदारी है। राजद और कांग्रेस के नेता जहां भी जाएं, जिस गली में भी जाएं। उन्हें चारों तरफ आवाज आनी चाहिए।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जिन्दगी' 'भावनाएं' 'छल' 'दम'

आजकल पहियों के दम पर चल रही है जिन्दगी।
अब मशीनों ही में प्यारे ढल रही है जिन्दगी।।
भावनाएं भी दिखावे में उलझ कर रह गयीं,
जिन्दगी को इस तरह अब छल रही है जिन्दगी।

# रिमझिम बौछारों के बीच नुमाइश मैदान में दौड़े अपने जनपद के युवा

## - कुल 945 युवाओं ने सामान्य ड्यूटी भर्ती में किया था आवेदन - मुजफ्फरनगर सदर, खतौली, जानसठ व बुढ़ाना की रही दौड़

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** बीते तीन दिनों से मौसम के बदले मिजाज और रिमझिम बौछारों के बीच में मंगलवार को जनपद मुजफ्फरनगर के युवाओं ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के चलते पूरे जोश, उत्साह व उमंग के बीच भारतीय सेना भर्ती रैली की तय सीमाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया। हालांकि सुबह से शुरू हुई मौसमी बरसात ने इस बीच कई युवाओं को अपनी जद में लेते हुए उनकी उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया, लेकिन उसके बावजूद युवाओं का बढ़ते जोश के आगे सेना के अफसर भी आश्चर्यचकित दिखें। मंगलवार को सामान्य ड्यूटी के लिए अंतिम दिन मुजफ्फरनगर के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण रहे कुल 945 अभ्यर्थियों में से अधिकांश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। मोदी सरकार की भारतीय सेना अग्निपथ योजना के अन्तर्गत पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान के निजी प्रयासों से जिले में प्रारंभ अग्निवीर सेना भर्ती रैली में नगर के मेरठ रोड स्थित भर्ती स्थल पर मंगलवार को सामान्य ड्यूटी के लिए मुजफ्फरनगर जनपद के युवाओं को पूरे जज्बे एवं दमखम के साथ दौड़ के माध्यम से भर्ती रैली में जगह निर्धारित करने के लिए जोश दिखाया।





हालांकि इस बीच बारिश के चलते देर से शुरू हुई दौड़ प्रक्रिया को कई दौर में पूर्ण कराया गया, जिसमें अफसरों ने युवाओं की क्षमता की परख के साथ शरीरिक मापदंड के बूते युवाओं ने देश सेवा के लिए कसौटी पर खरा उतरने के बाद स्वर्णिम अवसर देने की पहल की। इस बीच युवाओं में भर्ती प्रक्रिया को लेकर उत्साह दिखाई दिया। नगर के मेरठ रोड स्थित चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश ग्राउंड में बीते 22 अगस्त से शुरू अग्निवीर भर्ती रैली प्रक्रिया के बीच अग्निवीर भर्ती के जनरल ड्यूटी समेत अन्य सेवाओं के लिए शुरू भर्ती प्रक्रिया में मंगलवार की सुबह से हुई रिमझिम बारिश के बीच मुजफ्फरनगर जनपद की सदर, बुढ़ाना, खतौली व जानसठ तहसील के 945 युवाओं ने सेना अफसरों की तय अग्नि परीक्षा में प्रतिभाग किया, जिसमें कई दौर में बारिश के रूक जाने के बाद इन युवाओं को नुमाइश ग्राउंड में दौड़ प्रक्रिया में शामिल होने के साथ ही अन्य परीक्षाओं से गुजरने का मौका दिया। दिनभर बारिश होने से कई युवाओं को मैदान में गिर जाने से मायूस भी होना पड़ा। इससे पूर्व सोमवार रात्रि में प्रवेश पत्रों की जांच के बाद में युवाओं को भर्ती रैली स्थल मैदान में प्रवेश दिया गया।

## आज 1189 अभ्यर्थियों को मिलेगा तकनीकी सेवा के लिए मौका

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में मानसून की मार ने इस बार देश के अधिकांश हिस्सों को धो डाला है। इस बार अगस्त माह के बाद सितम्बर माह में आफत की बारिश की जद में आने से मेरठ और मुजफ्फरनगर के युवाओं को भर्ती रैली में बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। बीते दो दिनों की जारी भर्ती रैली में सेना अधिकारियों के द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम के बजाए नुमाइश ग्राउंड पर दौड़ कराने का निर्णय काफी हद तक सफल रहा और युवाओं के मैदान में रपटने की घटनाओं में कमी लाने के साथ जलभराव की बड़ी समस्या से भी नहीं जूझना पड़ा। भारतीय थल सेना भर्ती मेरठ कार्यालय द्वारा नुमाइश ग्राउंड एवं चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीते 22 अगस्त से प्रदेश के 13 जिलों की 54 तहसीलों के 17 हजार अभ्यर्थियों की प्रारंभ हुई भर्ती रैली में दौड़ समेत अन्य शारीरिक परीक्षाओं से गुजरने को मौका मिला। मंगलवार में भर्ती रैली में नुमाइश कैंप व चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद मुजफ्फरनगर के 945 अभ्यर्थी दौड़ समेत अन्य तमाम परीक्षाओं से होकर गुजरना पड़ा। अब यहां बुधवार को अग्निवीर तकनीकी ड्यूटी के लिए पूर्व में चयनित किए गए 1189 अभ्यर्थियों को मंगलवार देर रात्रि भर्ती रैली स्थल में जांच के बाद प्रवेश दिलाया गया। इन अभ्यर्थियों में अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, रामपुर मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर के युवा शामिल होंगे।

# बैंडबाजों व झांकी के साथ निकली गणपति विसर्जन यात्रा

## - श्री गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच उड़ा गुलाल

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** प्रथम पूज्य श्री गणेश जी के जन्मोत्सव की पूरे देश में धूम के बीच नगरीय क्षेत्र में घर-घर पूजा-अर्चना कार्यक्रमों की धूम मची है। इस बीच कई स्थानों पर पंडाल सजाकर श्री गणपति जी की भव्य प्रतिमाएं सजाई गई और सुबह सायं पूजा अर्चना के बाद इन पंडालों में भक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में एक भव्य पंडाल मुजफ्फरनगर के भगत सिंह रोड स्थित पंचमुखी तुलसा मंदिर में बीते एक सप्ताह से चल रहे गणेश महोत्सव का मंगलवार को बैंड बाजे के साथ संपन्न हुआ। इस बीच मंदिर प्रांगण से झांकी के साथ निकाली विसर्जन यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से पंचमुखी से शुरू होकर भगत सिंह रोड होते हुए नगर के हृदय स्थल शिव चौक, नावल्टी चौक, अस्पताल चौक होते हुए पाल धर्मशाला पर संपन्न हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बारिश के बीच नृत्य कर उत्सव मनाया। इस दौरान मुख्य मार्गों पर गणपति बप्पा मोरया की धूम के बीच में तमाम श्रद्धालुओं ने गुलाल को उड़ाते हुए गणपति महाराज जी की विसर्जन यात्रा को संपन्न किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





## गोगा महाड़ी मेले का सपा विधायक पंकज मलिक ने किया उद्घाटन

**चरथावल, 02 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम बलवाखेड़ी में आयोजित एक दिवसीय श्री जाहरवीर गोगा महाड़ी मेले का चरथावल विधायक पंकज मलिक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद ग्रामीणों ने चरथावल विधायक पंकज मलिक का ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया। चरथावल विकासखण्ड के ग्राम बलवाखेड़ी में श्री जहारवीर गोगा महाड़ी का आयोजन हुआ। मेले में पहुंचे चरथावल विधायक पंकज मलिक का ढोल-नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद गोगा महाड़ी मेले का चरथावल विधायक पंकज मलिक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक ने गुरु गोरखनाथ जाहरवीर गोगा जी बाबा का आशीर्वाद लिया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। बताया जाता है कि मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। प्रसाद चढ़कर मन्नत मांगते हैं। मेले में मिठाई, खेल खिलौने की दुकानों का आयोजन होता है। बड़े झूले चरख आदि पर छोटे बच्चे मनोरंजन करते हैं।

## एमएलसी स्नातक चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन शुरू

### - भाजपा कार्यालय पर वोट बनाने को दिए जरूरी टिप्स




**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव प्रक्रिया के बीच गांधी कॉलोनी भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी की अध्यक्षता व मंच का संचालन एमएलसी स्नातक चुनाव के जिला संयोजक श्रीमोहन तायल ने किया। इस बैठक में वर्तमान एमएलसी सदस्य दिनेश गोयल, क्षेत्रीय सह संयोजक प्रदीप सैनी, जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी का पटका पहनाकर स्वागत किया। भाजपा पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में इस अवसर पर अतिथियों ने आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि एमएलसी चुनाव में वोट बनने के लिए फॉर्म आ चुके हैं, ऐसे में पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता के साथ आम जनता, जो भी अपनी वोट इस चुनाव के लिए बनवाना चाहते हैं, तो वो भाजपा कार्यालय या अपने क्षेत्र के भाजपा मंडल के अध्यक्ष या संयोजक से संपर्क कर अपनी वोट बनवाने के लिए फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं। इस बैठक में जिला सह संयोजक विजय प्रजापति एवं सभी विधान सभाओं के संयोजक, सह संयोजक, नगर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष आमंत्रित किए गए, जिन्हें एमएलसी चुनाव की शुरू तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया।





# शाहपुर नगर पंचायत कार्यालय पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गोष्ठी आयोजित

## - चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी, ईओ आलोक रंजन, कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार एवं ब्रांड एंबेसडर सचिन संगल ने किया संबोधित

**शाहपुर, 02 सितम्बर (बु.)।** शाहपुर नगर पंचायत कार्यालय पर स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन तथा नगर पंचायत के ब्रांड एंबेसडर सचिन संगल ने अपने विचार व्यक्त किए। सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय पर विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय पर विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता संवर्धन हेतु आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन व जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार ने कचरे के प्रकार, डोर टू डोर कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, होम कंपोस्टिंग व एमआरएफ सेंटर के अलावा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति व मौहल्ला समितियों को उनके महत्व व दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, सभासद मोहसिन रंगरेज, आसिफ सलमानी, सचिन सिंघल आदि के अलावा नगर पंचायत का स्टाफ व सफाई नायक राजीव मेहरा, संदीप पाल मौजूद रहे।

## ज्ञानवर्धक यात्रा–एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय के छात्रों का संसदीय अनुभव

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बुस.)।** एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय के छात्रों ने दिल्ली स्थित संसद भवन का शैक्षिक भ्रमण किया। इस विशेष अवसर पर छात्रों के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत, सीबीएसई कोऑर्डिनेटर वंदना गुप्ता, तथा शिक्षिकाएँ लैली जोस और सीपिका



भार्गव भी सम्मिलित हुईं। नए और पुराने संसद भवन भ्रमण के दौरान छात्रों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय कार्यप्रणाली, भारतीय संविधान, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा राष्ट्र निर्माण में संसद की भूमिका को जानकर गर्व का अनुभव किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्रों को न केवल ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करते हैं बल्कि उनमें देशप्रेम और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्र अत्यंत उत्साहित और प्रेरित दिखे तथा उन्होंने संसद भवन भ्रमण को जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया।

# प्रशिक्षु आईएएस अपराजिता आर्यन ने किया निरीक्षण

## - बच्चों की बेहतरी को किए जा रहे कार्यों पर किया मंथन

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, प्रशिक्षु आईएएस अपराजिता आर्यन ने मंगलवार को बीएसए कार्यालय की ओर से जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगरीय क्षेत्र मुजफ्फरनगर व ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलासपुर का भ्रमण करते हुए शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी ली। इस दौरान बीएसए संदीप कुमार मौजूद रहे। मंगलवार को बीएसए विभाग द्वारा संचालित केंद्रों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय स्टाफ, जिला समन्वयकों से परिचय तथा उनके पटल की जानकारी लेते हुए उन्होंने समन्वयकों द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों में यथा समेकित शिक्षा, बालिका शिक्षा, प्रशिक्षण, सामुदायिक सहभागिता, निर्माण कार्यों एवं मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों से अवगत होते हुए जानकारी प्राप्त की गई। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ट्रेनी आईएएस ने वहां पर कार्यरत स्टाफ, स्टाफ के चयन की प्रक्रिया से संबंधित शासनादेशों का अवलोकन करते हुए छात्रावास में अध्यनरत रही बालिकाओं के शिक्षण कार्य, खानपान, रहन-सहन व्यवस्था, साफ सफाई, खेलकूद से संबंधित जानकारी बीएसए तथा विद्यालय की वार्डन से ली। भ्रमण के दौरान कक्षा 8 की बालिकाओं से हुई बातचीत में बच्चों ने पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, आईपीएस-आईएएस में से किस पद पर जाना चाहेंगी। बालिकाओं को मोटिवेट करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। बाद में ट्रेनी आईएएस अपराजिता आर्यन ने ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलासपुर सदर का भ्रमण करते हुए स्टाफ उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य और पटल संबंधी जानकारी ली। इसके साथ ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संचालित निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों से वार्ता के दौरान गणित, भाषा शिक्षण, बच्चों की एक्टिविटीज कक्षा 1 से 3 तक के छोटे बच्चों के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है, इस पर चर्चा की।





## हिंदू गोष्ठी में स्वामी ने एकजुटता पर दिया बल

**बुढ़ाना, 02 सितम्बर (बु.)।** कस्बे के एक बैंकट हाल में आयोजित की गयी हिंदू गोष्ठी में स्वामी यशवीर महाराज जी पहुंचे, जहां पर उन्होंने हिंदुओं की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि एकता में ही बहुत बड़ी शक्ति है। गोष्ठी में हिन्दू धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें आयोजन की भव्यता और सफलता सुनिश्चित हुई। स्वामी यशवीर जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन से उपस्थित जनसमूह में धार्मिक चेतना और राष्ट्रभक्ति का संचार किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज में एकता, सद्भाव और धार्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करना था। उन्होंने यहां पर उपस्थित सभी हिंदुओं को योग साधना करने और यशवीर आश्रम के वार्षिक महोत्सव का निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर मृगेन्द्र ब्रह्मचारी ने सब हिन्दू वीरों को 20 सितंबर को योग साधना यशवीर आश्रम बघरा में आयोजित होने जा रहे वार्षिक महोत्सव व महायज्ञ में आने का निमंत्रण देते हुए सभी से धर्म लाभ प्राप्त करने का आह्वान भी किया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और उपस्थित जनसमूह द्वारा दिए गए सम्मान और प्रेम के लिए सभी हिंदुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। इससे पहले श्री यशवीर ने बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना में भी कई ग्रामीणों को संबंधित करते हुए सभी को 20 सितम्बर को बघरा में आने का निमंत्रण दिया।

# शाहपुर में सकल जैन समाज ने मनाया धूप दशमी का पर्व

**शाहपुर, 02 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने दशलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा-अर्चना करने के साथ धूप दशमी का पर्व परंपरागत रूप से मनाया। कस्बे में सकल जैन समाज ने दशलक्षण पर्व के छठें दिन धूप दशमी के पर्व पर श्री पद्मप्रभु जिनालय में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम का मंगलाचरण पुनीत जैन ने किया। कार्यक्रम में जैन शक्ति महिला मंडल ने धार्मिक नाटिका प्रस्तुत करने के साथ भक्ति संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने श्री जी की भक्ति आराधना की। इस दौरान सकल जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन ने बताया कि दशलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा करते है तथा धूप दशमी का पर्व मनाते हैं। उन्होंने बताया कि जो श्रावक इस व्रत का विधि पूर्वक पालन करता है, उसके अशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं। धूप दशमी के पर्व पर जैन श्रद्धालुओं ने कस्बे के जैन मंदिर श्री शांतिनाथ जिनालय, श्री पद्मप्रभु जिनालय, श्री नेमीनाथ जिनालय, मुनि सुव्रतनाथ मान स्तंभ में सुगंधित धूप अर्पित की। इससे पूर्व प्रातः काल जैन मंदिरों में उत्तम संयम धर्म की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान सकल जैन समाज के महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे। शाहपुर के जैन मंदिरों मे दशलक्षण महापर्व का छठा दिन उत्तम संयम धूप दशमी के रूप मे बड़े ही श्रद्धा भक्तिभाव व धूमधाम से मनाया गया।प्रातः काल बड़ी संख्या में मंत्रोच्चार के बीच श्रीजी का अभिषेक, विशेष पूजा अर्चना की। दशलक्षण पर्व के प्रत्येक दिन रात्रि में मंदिरों में संगीतमय धार्मिक आयोजन व सामूहिक मंगल आरती किया जा रहा है, जिसमें जैन शक्ति महिला मंडल का विशेष योगदान रहता है। धूप दशमी के दिन दोपहर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जैन शक्ति महिला मंडल द्वारा नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें धूप दशमी का महत्व बताया गया। इस दौरान समाज से जुड़े अनेकों वक्ताओं ने अपने विचार रखे, जिसमें ललित जैन ने कहा कि दशलक्षण पर्व हमें आत्म शुद्धि, त्याग तपस्या का संदेश देकर जाता है। यह पर्व जैनों का प्रमुख त्योहारों में से एक है। अमित जैन विक्की ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दशलक्षण पर्व के महत्व बताते हुए कहा कि त्याग से तप, तप से मोक्ष की ओर अग्रसर आध्यात्मिक यात्रा है दशलक्षण पर्व। दशलक्षण पर्व सहनशीलता, शुद्ध भाव, व्यवहार में सरलता, शुद्ध सात्विक आहार, संयम, तप त्याग आदि शुद्ध आचरण का विशेष संदेश देता है। समाज से जुड़े अनेकों वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन पुनीत जैन(पुस्तक वाले) व अमित जैन(पेंट वाले) ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कस्बे में श्री पद्मप्रभु जिनालय, श्री नेमिनाथ जिनालय, श्री शांतिनाथ जिनालय, श्री मुनिसुवरत नाथ मानस्तम्भ जैन मंदिरों व मंदिरों के मार्गो को दुल्हन की तरह सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बालेश जैन, राकेश जैन, मदन जैन, सतीश जैन, जीवेन्द्र जैन, अरविन्द जैन, अमित जैन, ललित जैन, उमंग जैन, वैभव जैन, अभिषेक जैन, पुनीत जैन, श्रेनिक जैन, आगम जैन, अनंत जैन, शुभम जैन, हर्षित जैन, रजत जैन, पंकज जैन, पारस जैन, बिट्टू जैन, संजीव जैन आदि महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।





# अफगानिस्तान में 24 घंटे में दूसरा भयानक भूकंप, अब तक 1400 मौत

## - 3000 से ज्यादा लोग हुए हैं घायल, 5.5 की तीव्रता से आया दौबारा भूकंप

**काबुल, 02 सितंबर (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यहां दक्षिण-पूर्वी हिस्से में मंगलवार 2 सितंबर को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी रायटर्स ने जीएफजेड के हवाले से दी है। यह भूकंप सोमवार को आए 6.0 तीव्रता वाले भूकंप के बाद आया, जिसमें कम से कम 1400 लोगों की मौत और 3,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। भूकंप ने पहले ही कम से कम 24 घंटे पहले तबाह हुए क्षेत्र को हिला दिया, जिससे लोगों में भय बढ़ गया और राहत कार्य प्रभावित हुए। अफगानिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के प्रवक्ता यूसुफ हमाद ने एपी को बताया, ह्वघायल लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा है इसलिए आंकड़े आगे बढ़ सकते हैं।ह्व अधिकारियों ने बताया कि पहले भूकंप से हुए भूस्खलन ने मुख्य मार्गों को ब्लॉक कर दिया है, जिससे राहत और आपातकालीन टीमें समय पर प्रभावित इलाकों तक नहीं पहुंच पा रही हैं।





अफगानिस्तान में आए विनाशकारी भूकंप से जानमाल के नुकसान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं साझा कीं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी अफगानिस्तान में हुई आपदा पर चिंता जताते हुए वहां के लोगों के साथ भारत की एकजुटता दिखाई और मदद का आश्वासन दिया। जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की और रविवार रात आए भूकंप में हुई हानि पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और इस दुख की घड़ी में भारत की ओर से पूरा समर्थन देने की बात दोहराई। भारत ने काबुल में 1,000 परिवारों के लिए टेंट उपलब्ध कराए हैं और भारतीय मिशन ने काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी जयशंकर और मुत्ताकी के बीच हुई बातचीत की पुष्टि की और मुत्ताकी ने अफगान नागरिकों तक मदद पहुंचाने के लिए भारत का धन्यवाद किया।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर की रहने वाली समीना ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले शाहबुद्दीनपुर रोड निवासी फैजान से हुई थी। उसने आरोप लगाया कि शादी के बाद से पति व ससुराल पक्ष दहेज की मांग करने लगे। इतना ही नहीं कुछ दिन पहले उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद वह अपने भाई फैसल के साथ मायके में रह रही थी। 31 अगस्त की शाम करीब 6:30 बजे पति फैजान घर पहुंचा और भाई फैसल से गाली-गलौच करने लगा। गाली गलौच का विरोध करने पर उसने चाकू से मेरे भाई फैसल पर हमला कर दिया और फैसल की गर्दन व पेट पर वार किए गए। इतना ही नहीं आरोपी पति ने रिश्तेदारी में रह रहे बहन जीनत, भाई शुएब और पड़ोसन शुमाएला पर भी हमला किया इसके बाद आरोपी कहीं फरार हो गया। पति के हमले में गंभीर रूप से घायल फैसल को जिला अस्पताल से मेरठ मेडिकल रैफर किया गया। पुलिस ने पति फैजान, ससुर नसीम और सास नरगिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी के छह साल बाद तीन तलाक देकर घर से निकाला

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** सिविल लाइंस क्षेत्र के सरवट फाटक निवासी चांदनी ने बताया कि उसकी शादी छह साल पहले केवलपुरी निवासी इंतजार पुत्र गुलजार से हुई थी, जिसके बाद उसके दो बच्चे हैं। उसने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज के लिए उस पर दबाव बनाता रहा। आरोप है कि 7 अगस्त को पति इंतजार, सास करमजहां और नंद बुशरा ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसी दौरान गली और रिश्तेदारों के सामने इंतजार ने उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता का कहना है कि उस रात वह पति के ताऊ अहसान के घर रही और अगले दिन मायके चली गई। तभी से बच्चों संग वहीं रह रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि इंतजार, करमजहां और बुशरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सफाई से करोगे शर्म तो डेंगू का मच्छर मार जाएगा डंक

## घरों के बाहर जमा हो पानी तो झाडू उठाकर तुरंत सफाई है करानी

**मुजफ्फरनगर, 02 सितंबर (बु)।** बरसात के मौसम में कई ऐसे वायरस और बीमारियां होती हैं, जिनका इलाज समय से ना किया जाये तो यह घातक साबित हो सकती हैं। इनमें से एक है डेंगू। डेंगू एक खास तरह के मच्छर के काटने से फैलता है। अभी मुजफ्फरनगर से वायरल के मामले कम नहीं हुए थे कि अब डेंगू ने भी क्षेत्र में दस्तक दे दी है। ऐसे में आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर के अनुसार बुढ़ाना में दो से तीन केस डेंगू के पॉजिटिव पाए गये हैं। अब ऐसे में हमें सतर्कता और सावधानी बरतना अति आवश्यक है।

आपको बता दें कि डेंगू फैलने का मुख्य कारण एडीज मच्छर (मुख्यतः एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस) का काटना है, जो एक संक्रमित व्यक्ति के खून से वायरस लेने के बाद किसी अन्य स्वस्थ व्यक्ति को काटकर वायरस फैलाता है। यह सीधे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता, बल्कि वायरस वाहक मच्छर के माध्यम से फैलता है। इस पूरे मामले में बुलेटिन संवाददाता ने जिला अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. योगेंद्र त्रिखा से बात की तो उन्होंने बताया कि डेंगू एक प्रकार का वायरस है, जो आमतौर पर एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। कई बार डेंगू को लोग नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यह



डॉ. योगेन्द्र त्रिखा

जानलेवा भी साबित हो सकता है। हर साल डेंगू के चलते देश-दुनिया में सैकड़ों लोगों की मौत होती है। वहीं, लाखों लोग इस वायरस से संक्रमित होते हैं। डेंगू के मच्छर आमतौर पर साफ पानी में पनपते हैं। डेंगू होने पर मरीज को बुखार आ जाता है। यह इसका सबसे आम लक्षण है। डेंगू के लक्षण आमतौर पर 3 से 10 दिनों तक दिखाई दे सकते हैं। डॉक्टर त्रिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू होने पर आपको खुद से डॉक्टर बनने के बजाय अस्पताल के डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डेंगू होने पर मरीज का प्लेटलेट काउंट कम होने लगता है, जिससे न केवल शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, बल्कि इसका समय से ईलाज ना हो तो जान को भी खतरा होता है। आपको बता दें कि डेंगू के मच्छर रुके हुए पानी में पनपते हैं, खासकर घरों के आसपास कूलरों, गमलों की ट्रे, पुराने टायरों और कूड़ेदानों में जमा पानी में अंडे देते हैं, जिससे डेंगू फैलता है। गर्म और आर्द्र मौसम, शहरी जीवन, पानी के खराब प्रबंधन और घर के अंदर मच्छरों से सुरक्षा की कमी जैसे कारक मच्छरों के प्रजनन और संक्रमण के जोखिम को बढ़ाते हैं। डॉक्टर त्रिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि जहां कहीं भी आप मच्छर को पनपते हुए देखें, तुरंत सावधानी बरतते हुए वहां की सफाई करवा दें या जैसे नाली में पानी रुका हो, उसे निकाल दें और वहां पर फिनायल या मिट्टी का तेल गिरा दें। इससे भी मच्छर का लार्वा खत्म हो जाता है। डा. योगेंद्र त्रिखा ने बताया कि डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी, शरीर पर लाल चकत्ते और शरीर टूटने की भावना शामिल हैं। वहीं, मलेरिया में ठंड लगना, कंपकंपी के साथ बुखार, पसीना आना और शरीर में कमजोरी के लक्षण पाए जाते हैं। इससे बचने के लिये सभी लोग मच्छरदानी का उपयोग करें और पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड उपलब्ध है, जहां मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जाता है। इसके अलावा आपको बुलेटिन भी सलाह देता है कि आप नगर पालिका की मशीन आने का इंतजार ही ना करते रहें, बल्कि खुद भी मच्छर मारने की दवा छिड़क सकते हैं। आपकों इन दिनों चाहे घर के बाहर मच्छर हों या ना हों बेवजह भी मच्छर मारने के उपकरण इस्तेमाल करना चाहिये। आपको यह जानना भी जरूरी है कि डेंगू का मच्छर घुटनों तक की ऊंचाई तक ही उड़ पाता है, इसलिए यह अक्सर शरीर के निचले हिस्सों जैसे पैरों पर काटता है। यह मच्छर दिन के समय में सक्रिय होता है, आमतौर पर सुबह से शाम तक और खासकर देर दोपहर में डंक मारता है। रात में काटने वाले अन्य मच्छरों के विपरीत, ये दिन के मच्छर दिन में ही काटते हैं। इसके अलावा आप 10 रुपये की अगरबत्ती लेकर जलायें, ताकि आपके घर में मच्छर ना पनप पायें। साथ ही अगर आप घरेलू नुस्खे का प्रयोग भी करना चाहते हैं तो पानी, नारियल पानी और अन्य तरल पदार्थ पीकर हाइड्रेटेड रहें। डेंगू के लिए चिकित्सा उपचार के साथ-साथ घरेलू उपचार, जैसे पपीते के पत्ते का रस, का प्रयोग करें। अपने डॉक्टर की सलाह का पालन करें और निर्देशित दवाएं लें। अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार लें।

## जेल में ही रहेंगे शरजील इमाम और उमर खालिद, हाईकोर्ट ने दिया बड़ा झटका

**नई दिल्ली, 02 सितंबर (एजेंसी)।** फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े मामले में आरोपियों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने दंगों की साजिश से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम मामले में मंगलवार को शरजील इमाम, उमर खालिद समेत 9 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शैलेंद्र कौर की बेंच ने शरजील इमाम, उमर खलिद, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी, तस्लीम अहमद और गुलफिशा फातिमा को जमानत देने से इनकार कर दिया है। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 10 जुलाई को आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत याचिकाओं का विरोध किया था। दावा किया कि यह कोई स्वतः स्फूर्त दंगा नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश थी। अभियोजन की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी थी कि यह दुनिया में भारत को बदनाम करने की साजिश थी ऐसे में सिर्फ इस आधार पर जमानत देना ठीक नहीं होगा कि आरोपी लंबे समय से कैद में हैं। अभियोजन पक्ष ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध करते हुए दलील दी कि यह सिर्फ और सिर्फ दंगों का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसा मामला है, जहां दंगों की साजिश पहले से ही एक भयावह मकसद और सोचे-समझे षड्यंत्र के साथ बनाई गई थी।

# लगातार बरसात से बढ़ता जा रहा यमुना का जलस्तर, सहारनपुर से दिल्ली तक अलर्ट

**सहारनपुर, 02 सितंबर (एजेंसी)।** लगातार बरसात से यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है। सहारनपुर में हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी का स्तर भी बढ़ गया है। इससे सहारनपुर से लेकर शामली और बागपत से लेकर दिल्ली तक असर देखने को मिल रहा है। सहारनपुर के नकुड़ और सरसावा क्षेत्र में चारों ओर पानी ही पानी हो गया है। फसलें जलमग्न हो गई हैं। लगातार हो रही बरसात और बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है, वहीं लोगों को अकेले घरों से बाहर ना निकलने और पानी की ओर नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। यमुना नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए हथिनीकुंड बैराज से सोमवार को 3.11 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इसका असर मंगलवार को बागपत और दिल्ली तक देखने को मिल रहा है। बैराज से जब इतना पानी छोड़ा गया तो जल स्तर तेजी से बढ़ते हुए 335.72 मीटर तक जा पहुंचा। इससे यूपी के साथ-साथ हरियाणा में भी बाढ़ जैसे हालात बन गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है और यमुना में बढ़े जलस्तर से सैकड़ों गांव प्रभावित हैं।

### 25 जिलों में बहुत भारी बारिश, रहें सावधान

**गोंडा।** बहराइच लखनऊ समेत कई जिलों मे सोमवार को जमकर बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग ने सितंबर माह में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी ने अगले 12 घंटे में प्रदेश के 25 जिलों में बहुत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अन्य कई जिलों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। आपको बता दें कि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में आईएमडी का रेड अलर्ट है।

### भारी वर्षा होने की संभावना

कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, संत रविदास नगर, गोंडा, बलरामपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, गाजियाबाद, गौतम बुद्धनगर, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

## बीजापुर में 16 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया

**बीजापुर, 02 सितंबर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संयुक्त सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डिस्ट्रिक्ट रिजर्व फोर्स, सीआरपीएफ और कोबरा के जवानों ने मिलकर की है। जिले के थाना बासागुड़ा, गंगालूर और जांगला क्षेत्र से माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार नक्सलियों में नड़गु वेको (मिलिशिया सदस्य), बोटी माड़वी (डीएकेएमएस सदस्य) बोड़ा वेको (भूमकाल मिलिशिया सदस्य), पाकलू फरसा (डीएकेएमएस सदस्य), बामन कवासी (जनसंपर्क सदस्य), मुन्ना कुहरामी (डीएकेएमएस सदस्य), मुन्ना वेको (भूमकाल मिलिशिया सदस्य), बुधरू ऊर्फ बधरू बारसा (मिलिशिया सदस्य), भीमा बारसे (मिलिशिया सदस्य), माड़वी पाला (मिलिशिया सदस्य), जोगा माड़वी (भूमकाल मिलिशिया सदस्य), कलमू मनकी (मिलिशिया सदस्य), बुधरी बारसे (मिलिशिया सदस्य) तथा कलमू फूलो (मिलिशिया सदस्य) शामिल हैं।

## ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के चक्कर में हुई थी युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** सोमवार की रात मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा तितावी थाना क्षेत्र के एक युवक आदित्य की सड़क हादसे में मौत का समाचार प्रकाशित किया गया था। उक्त समाचार की पुष्टि करते हुए मंगलवार को तितावी पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जानकारी देते हुए बताया कि उक्त युवक आदित्य तितावी थाना क्षेत्र के गांव छतैला का निवासी था और अपने साथ सुधांशु के साथ बाइक पर सवार होकर गांव से शहर की ओर जा रहा था। जसोई के निकट जैसे ही ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश की गयी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें आदित्य की मौके पर ही मौत हो गयी और दूसरा युवक सुधांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और घायल को उपचार के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मृतक के परिजनों ने इस मामले में अलग ही बात बताई। उन्होंने हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी पवन कुमार का बताना है कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच करेगी। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।



फाइल फोटो

## राष्ट्रपति मुर्मु दो दिवसीय तमिलनाडु दौरे पर

**चेन्नई, 02 सितंबर (वार्ता)** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तमिलनाडु की दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चेन्नई पहुंची। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, मंत्रियों, तीनों रक्षा सेवाओं के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ पुलिस एवं अन्य अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे पर एक संक्षिप्त स्वागत समारोह के बाद वह चेन्नई ट्रेड सेंटर पहुंची जहां उन्होंने सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी शामिल हुई। राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद सुश्री मुर्मु कल त्रिची के लिए रवाना होंगी।

## पड़ोसी किरायेदार पर युवती बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 22 वर्षीय बेटी ताराचंद डिग्री कॉलेज में बी.कॉम. की छात्रा है। गत 30 अगस्त को उसका पुत्र उसे कॉलेज छोड़कर आया था, लेकिन दोपहर में जब लेने पहुंचा तो वह वहां नहीं मिली और उसकी उपस्थिति भी दर्ज नहीं थी। बहुत तलाश करने पर जानकारी मिली कि पड़ोस में किराए पर रहने वाला युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। परिजनों ने हर जगह तलाश की, लेकिन सुराग नहीं मिला। युवती अपने सभी दस्तावेज भी साथ ले गई है। पिता ने अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने नामजद आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में मिली गड़बड़ी, संदिग्ध पाए गए 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता

## फर्जीवाड़े की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल

**लखनऊ, 02 सितंबर (एजेंसी)।** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची की जांच के दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। निर्वाचन आयोग ने राज्य की मतदाता सूची की समीक्षा की तो एक करोड़ से अधिक ऐसे संदिग्ध मतदाता पाए गए जिनके नाम और पते समान थे। इस खोज ने चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि फर्जीवाड़े की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इस तकनीक की मदद से मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम और पते वाले रिकॉर्ड की पहचान करना सम्भव हुआ। आयोग का कहना है कि इससे न केवल फर्जी वोटिंग की संभावना कम होगी, बल्कि चुनाव में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। अब प्रत्येक ब्लॉक लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाताओं की सत्यापन प्रक्रिया करेंगे। इसके तहत हर मतदाता का नाम, पता और पहचान सुनिश्चित की जाएगी। यदि किसी घर में शिकायत या संदेह मिलता है, तो उसके आधार पर अतिरिक्त जांच की जाएगी। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष बनाने के लिए उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि चुनाव से पहले मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। यदि सूची में फर्जी या डुप्लीकेट नाम मौजूद रह जाएं, तो इससे चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं और जनता का विश्वास कम हो सकता है। अक आधारित सत्यापन तकनीक का इस्तेमाल इसे रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय प्रशासन ने भी मतदाता सूची के सत्यापन के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीएलओ को प्रत्येक घर में जाकर दस्तावेज और पहचान की जांच करनी होगी। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे इस प्रक्रिया में सहयोग करें और किसी भी तरह की गड़बड़ी की जानकारी तुरंत अधिकारियों को दें। राज्य निर्वाचन आयोग ने चेतावनी दी है कि सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि फर्जी मतदाता जोड़ने या अन्य प्रकार के चुनावी धोखाधड़ी में शामिल पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची में मिली गड़बड़ी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चुनावी प्रक्रिया में तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता है। अक आधारित तकनीक का उपयोग इस दिशा में एक नया उदाहरण पेश करता है। इसके अलावा, घर-घर जाकर सत्यापन प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल वास्तविक और योग्य मतदाता ही मतदान करें। सत्यापन और निगरानी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इससे चुनाव में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। आयोग का कहना है कि जनता का भरोसा बनाए रखना ही लोकतंत्र की ताकत है और इसे बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।



## चुनाव आयोग ने दो जगह वोटर सूची में नाम होने पर पवन खेड़ा से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली, 02 सितम्बर (वार्ता)** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने दो जगह वोटर सूची में नाम होने के आरोप में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा को नोटिस भेजा है और आठ सितम्बर तक जवाब देने को कहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि श्री खेड़ा के नाम दिल्ली विधानसभा क्षेत्र 40 के काका नगर के पते पर है और दूसरी जगह उनका नाम दिल्ली विधानसभा क्षेत्र 41 के डी ब्लॉक जंगपुरा के पते का है। श्री खेड़ा को भेजे नोटिस में चुनाव अधिकारी ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत एक व्यक्ति के दो जगह से वोटर लिस्ट में नाम होना दंडनीय अपराध है। चुनाव अधिकारी कार्यालय ने कहा कि इस नियम के तहत उन्हें नोटिस भेजा जा रहा है और इसका जवाब निर्वाचन अधिकारी को आठ सितम्बर सुबह 11 बजे तक मिलना चाहिए। इससे पहले भाजपा नेता अमित मालवीय ने श्री खेड़ा पर दिल्ली में दो मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से इस मामले की जाँच करने का आग्रह किया था। उनका आरोप था कि श्री खेड़ा का जंगपुरा और नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्रों के दो जगह से वोटर लिस्ट में नाम है।

# सीएम योगी के निर्देश पर नगर निगमों में चला बारह घंटे का स्पेशल ऑपरेशन

**लखनऊ, 02 सितंबर (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों में स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और जन-जागरूकता के लिए 12 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों के अनुरूप स्थानीय समस्याओं का समाधान करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई। यह अभियान न केवल लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में सफल रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है। लखनऊ नगर निगम ने सभी आठ जोनों में 32 कर वसूली और शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में तत्काल कर संग्रह की व्यवस्था की गई और वॉर रूम से निगरानी की गई। अपर नगर आयुक्त और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के नेतृत्व में 1,365 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया और एक दिन में 2.30 करोड़ रुपये का कर



संग्रह हुआ।

गोरखपुर नगर निगम ने वेंडिंग जोन और बाजार क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित किए। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया। वाराणसी में नगर निगम की टीम ने भरत मिलाप कॉलोनी और महेश नगर कॉलोनी के 86 घरों में कचरा पृथक्करण को बढ़ावा दिया। घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाने के परिणामस्वरूप अब अधिकांश घरों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डाला जा रहा है, जिसे नगर निगम की गाड़ियों से ले जाया जाता है। मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने मछली फाटक के 15 साल पुराने कूड़ा ढलाव घर को पूरी तरह हटाकर उसका सौंदर्यीकरण किया गया, जिससे यह पूरी तरह स्वच्छ और आकर्षक बन गया। राधा अष्टमी के अवसर पर अहिल्या बाई पार्क और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों को कचरा पृथक्करण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। गाजियाबाद नगर निगम ने भारी बारिश के दौरान मोहन नगर, शालीमार गार्डन और मोहन नगर बस स्टैंड में जलभराव की समस्या को हल करने के लिए जलकल, स्वास्थ्य और निर्माण विभागों की संयुक्त कार्रवाई की। 20 साल पुराने नालों और पाइपलाइनों की सफाई कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया गया, जिससे स्थानीय निवासियों ने संतुष्टि जताई।

## देवरिया में आरपीएफ इंस्पेक्टर पर हमला करने वाले पांच फर्जी किन्नर गिरफ्तार

**देवरिया,02 सितम्बर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के देवरिया रेलवे स्टेशन पर रविवार की देर रात आरपीएफ इंस्पेक्टर हमला करने वाले पांच फर्जी किन्नरों को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी देवरिया चौकी प्रभारी दिनेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि रविवार की रात फर्जी किन्नरों ने देवरिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के इंस्पेक्टर आस मोहम्मद पर हमला किया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दो तथाकथित किन्नरों चन्दा और साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जीआरपी ने आज शहर के कसया ओवरब्रिज के पास नैना, मुस्कान, बिहार की काजल, त्रिपुरा निवासी रसीली और असम निवासी पूजा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार सभी आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे असली किन्नर नहीं हैं। ये लोग किन्नर का भेष धरकर यात्रियों को धमकाते और पैसे न देने पर मारपीट करते थे। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई से रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सक्रिय फर्जी किन्नरों की गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

## यूको बैंक मैनेजर को 2 लाख रिश्वत लेते पकड़ा, मथुरा में कारोबारी से 4 लाख रुपए मांगा कमीशन

**मथुरा, 02 सितंबर (एजेंसी)।** मथुरा में फ्लोर मिल कारोबारी से 4 लाख की रिश्वत मांगने के मामले में सीबीआई टीम ने यूको बैंक की सीनियर मैनेजर को रंगे हाथ पकड़ लिया। एक दलाल के जरिए मैनेजर घूस की रकम ले रही थी। सीबीआई टीम ने सीनियर मैनेजर और कथित दलाल को अरेस्ट कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई अधिकारियों ने सीनियर मैनेजर और दलाल के हाथों को विशेष केमिकल से धुलवाया। इससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। आरोपियों को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर सीबीआई अपने साथ ले गई। कारोबारी कृष्ण मुरारी शर्मा की हाईवे थाना क्षेत्र के मंडी चौराहे के पास राधारानी के नाम से फ्लोर मिल है। उन्होंने होली गेट स्थित यूको बैंक से अपनी फर्म के नाम एक करोड़ रुपए का लोन कराया था। कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया- मैंने यूको बैंक में 1 करोड़ लोन के लिए अप्लाई किया था। इसमें 90 लाख तो मिल गए, लेकिन 10 लाख नहीं मिले। इसे देने के लिए बैंक मैनेजर गरिमा सिंह ने 4 लाख रुपए रिश्वत मांगी। मैंने सीबीआई के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। सीबीआई ने मुझे मथुरा के मुख्य डाकघर के पास बुलाया। वहां पर रिश्वत मांगने वाली यूको बैंक मैनेजर के खिलाफ योजना बनाई। बेटे सोनू को एक रिकॉर्डर देकर बैंक मैनेजर के पास भेजा। दोनों के बीच की सारी बातचीत रिकॉर्ड हो गई। फिर सीबीआई टीम ने 2 लाख पहली किश्त के तौर पर सीनियर मैनेजर गरिमा सिंह चौहान को देने की बात कही।

## प्रधानमंत्री बोले- आरजेडी और कांग्रेस को मांगनी चाहिए माफी

**नई दिल्ली, 02 सितंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भावुक हो उठे। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मोदी ने महिलाओं की भागीदारी, आत्मनिर्भरता और सम्मान को केंद्र में रखकर अपनी बातें कहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन पूरे बिहार की 20 लाख से अधिक मां, बहन और बेटियों ने सुना। उन्होंने कहा कि 'महिलाएं समाज और परिवार के लिए कितनी महत्वपूर्ण हैं, यह प्रधानमंत्री ने आज स्पष्ट रूप से बताया। लेकिन जिस प्रकार कांग्रेस और राजद के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय माताजी को अपमानजनक शब्द कहे, वह दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इससे बड़ा पाप कोई नहीं हो सकता। बिहार की धरती ऐसे व्यवहार से शर्मसार हो रही है। यही कारण है कि उनकी आंखें नम हो गईं।' संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरा. उन्होंने कहा, 'मैं बिहार की जनता के सामने कहना चाहता हूं कि मां को गाली देने वालों से मोदी तो एक बार माफ कर भी देगा, लेकिन भारत की धरती मां के अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करती। राजद और कांग्रेस को इस कृत्य के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि सरकार की योजनाओं के केंद्र में महिलाएं हैं और बिहार की महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बदलाव की बड़ी ताकत बन चुकी हैं। कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार की जिम्मेदारियों को दोहराई। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान करना ही भारतीय संस्कृति और समाज का मूल आधार है, और किसी भी तरह की अभद्र टिप्पणी को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।

### पीएम मोदी की बातों को सुनकर भावुक हुए दिलीप जायसवाल



## वायुसेना दिखाएगी ताकत, पाकिस्तानी एयरबेस के पास अरब सागर में शुरू किया अभ्यास

**नई दिल्ली, 02 सितंबर (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना ने पाक को नोटाम जारी कर पाकिस्तानी एयरबेस के पास अरब सागर में एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। इंडियन एयरफोर्स ये अभ्यास गुजरात और राजस्थान के पास अरब सागर में 2 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे से शुरू कर दिया। दो दिवसीय ये अभ्यास 3 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक चलेगा। आईएएफ का ये रूटीन अभ्यास है, लेकिन जगह संवेदनशील है, क्योंकि यह पाकिस्तान के एयरस्पेस के बिल्कुल सामने है। इसलिए पहले से अंतर्राष्ट्रीय सिविल एविएशन कन्वेंशन के तहत पाकिस्तान को नोटाम जारी कर दिया है। आईएएफ ने अभ्यास से पहले नोटिस टू एयरमेन जारी किया है, नोटिस टू एयरमेन जारी होने से सिविलियन एयरक्राफ्ट को रीरूट करना पड़ेगा, जो हाई-इंटेंसिटी एरियल एक्टिविटी का संकेत है। यह अभ्यास वायुसेना का लाइव वेपन फायरिंग, मिसाइल ट्रायल या बड़े पैमाने पर एयर मैन्यूवर्स हो सकता है। आपको बता दें अंतरराष्ट्रीय सिविल एविएशन कन्वेंशन के तहत किसी विशेष इलाके में असामान्य गतिविधियां करने से पहले नोटाम जारी किया जाता है। यह किसी खास इलाके में एयरमेन को हथियार परीक्षण या ड्रिल होने की चेतावनी देता है। बताया जा रहा है अभ्यास स्थल पाकिस्तान के कराची एयरस्पेस से महज 200 नॉटिकल मील 370 किमी दूर है। इससे खतरे का जोन यानी पाकिस्तान का नियंत्रित एयरस्पेस से 70 नॉटिकल मील 129 किमी की दूरी पर फैला है।



# 2 दिन तक साथ बिताने के बाद पता चली युवक को हकीकत, नकाब के पीछे लड़की नहीं लड़का था

**अयोध्या, 02 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी के अयोध्या में भी ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने इंस्टाग्राम पर मुस्लिम युवती बनकर गुजराती युवक को अपने झांसे में ले लिया और उससे किस्तों में करीब डेढ़ लाख रुपये ऐंठ लिए।

कई दिनों के चैटिंग के बाद मुलाकात की बारी आई। गुजराती युवक अपनी प्रेमिका से मिलने अयोध्या पहुंचा। उसके साथ दो दिनों तक घूमा भी। लेकिन राजस्थान जाने के बाद पता चला कि जिस बुर्का वाली गर्लफ्रेंड से वह प्यार करता है वह लड़की नहीं बल्कि लड़का है। आभासी दुनिया के इस खेल का खुलासा होने पर दोनों पक्ष ही नहीं बल्कि इसको सुनने और जानने वाला हर शख्स अवाक है। अयोध्या जिले के बीकापुर कोतवाली के खजुरहट क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर एसएसपी से अपने भतीजे के अपहरण और ढाई लाख रुपये फिरौती मांगने की शिकायत की। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के मुताबिक वारदात गंभीर प्रकृति की होने के कारण तत्काल पुलिस टीम को सक्रिय किया गया। सर्विलांस के सहारे फोन कॉल को खंगाला गया। जिसके बाद गुजरात के साबरकांठा (पूर्व नाम हिम्मतनगर) के पुलिस अधीक्षक से संपर्क करने के बाद अयोध्या पुलिस गुजरात रवाना की गई। वहां के एसपी ने वाकया बताया तो सब हैरान हो गए। दरअसल, युवक ने एक महिला के नाम से इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बना रखी है और इसी आईडी के सहारे वह गुजरात के एक मुस्लिम शख्स के संपर्क में आया। इस युवक ने खुद को तलाकशुदा महिला बताकर गुजराती शख्स से किस्तों में एक लाख 40 हजार रुपये ऐंठ लिए। युवक उससे महिला की आवाज में बातचीत भी करता रहा।



इस मामले में साइबर क्राइम से नोडल अधिकारी एसपी देहात बलवंत चौधरी का कहना है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर फर्जी आईडी की बाढ़ सी आ गई है। इस आभासी दुनिया में फर्जी फोटो और विवरण ही नहीं दिया जा रहा बल्कि विभिन्न एप व सॉफ्टवेयर के जरिये फोटो भी आकर्षक बना दी जाती है। ऐसे में किसी से संपर्क बनाने और बढ़ाने में काफी सक्रियता बरतनी चाहिए। जरा सी चूक पर ठगी और धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं।

## मौसम विभाग की चेतावनी जारी, नोएडा के स्कूलों में अवकाश घोषित

**नोएडा 02 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश स्थित गौतमबुद्धनगर जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार द्वारा जिले के नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक के विद्यालयों में एक दिन अवकाश घोषित किया गया है। मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश चेवतावनी के मद्देनजर गौतमबुद्धनगर के विद्यालयों के अध्यापकों शिक्षकों को दिए निर्देश अगले आदेश तक सभी प्राइमरी विद्यालयों में रहेगी छुट्टी।

## महिला संग वायरल हुई रील तो पकड़ा गया 7 साल से लापता पति, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरदोई, 02 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हरदोई से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स कई सालों से लापता था। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। उसकी पत्नी और बेटा शख्स की तलाश में परेशान थे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद अचानक एक रील वायरल हुई और सालों से लापता शख्स किसी और महिला के साथ वीडियो बनाते पकड़ा गया। शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जितेंद्र कुमार उर्फ बबलू नाम का शख्स साल 2018 से लापता घोषित किया गया था। लापता होने से पहले, साल 2017 में उसकी शादी शीलू नाम की एक लड़की से हुई थी, लेकिन दोनों के रिश्ते में खटास आ गई थी। आरोप है कि जितेंद्र ने शीलू को कथित तौर पर दहेज, सोने की चेन और अंगूठी के लिए प्रताड़ित किया और अंत में जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई, तो उसे घर से निकाल दिया। शीलू ने इसके बाद शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को लेकर जांच चल ही रही थी कि जितेंद्र अचानक लापता हो गया। उसे तलाशने की बहुत कोशिश हुई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 20 अप्रैल 2018 को उसके पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जब पुलिस की तलाश में भी जितेंद्र का कुछ पता नहीं चला, तो उसके परिवार ने शीलू पर ही उसकी हत्या करने और शव गायब करने का इल्जाम लगा दिया। तब से अब तक जितेंद्र का कोई सुराग नहीं मिला था।



## बागपत में ट्रेन के आगे कूदकर प्रेमी युगल ने दी जान

**बागपत, 02 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बागपत के अहेड़ा रेलवे हाल्ट पर एक प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि शामली से दिल्ली की ओर जाने वाली जनता एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर एक युवक व एक युवती ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस ने घटना की जानकारी ली और वहां मौजूद लोगों से दोनों शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। युवती की पहचान खेकड़ा थाना क्षेत्र के नंगला बड़ी गांव निवासी जयकरण की पुत्री स्वीटी (21) के रूप में हुई जबकि युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रेम प्रसंग के चलते प्रतीत हो रहा है।

# एबीवीपी के पदाधिकारियों पर लाठीचार्ज मामले ने पकड़ा तूल, सीओ सिटी पर हुई कार्रवाई

**लखनऊ, 02 सितंबर (एजेंसी)।** एलएलबी कोर्स की मान्यता को लेकर श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय के सामने विद्यार्थियों के साथ प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पदाधिकारियों पर लाठी चलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री के संज्ञान लेने के बाद सीओ सिटी हर्षित चौहान को निलंबित कर दिया गया है, जबकि नगर कोतवाल आरके राना को हटा दिया गया है। शासन के आदेश पर मंडलायुक्त और आइजी अयोध्या मंगलवार को मामले की जांच करने पहुंचे और संबंधित लोगों के बयान दर्ज कर घटना स्थल का जायजा लिया।

कोतवाली नगर के चिनहट-देवा मार्ग पर स्थित श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय में एलएलबी की मान्यता को लेकर छात्रों में आक्रोश था। सोमवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थी विश्वविद्यालय गेट के सामने प्रदर्शन कर रहे थे, जिनके समर्थन में दोपहर एबीवीपी के कार्यकर्ता पहुंचे। करीब चार बजे उग्र प्रदर्शन के दौरान स्थिति बिगड़ी और पुलिस ने लाठियां भांजनी शुरू कर दीं, जिसमें 22 लोग चोटिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की और हाथापाई में सीओ सिटी समेत पांच पुलिसकर्मी भी घायल हुए। मेयो अस्पताल में घायलों के उपचार के दौरान एक बार फिर स्थिति बेकाबू होते होते बची। पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे एबीवीपी के कार्यकर्ता पुलिसकर्मियों पर आक्रामक हुए तो पुलिस को वहां से भागना पड़ा। एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी को भी विरोध का सामना कर लौटना पड़ा। डीएम शशांक त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजय वर्गीय भी पहुंचे, लेकिन उनकी भी एक नहीं सुनी गई। घायलों को देर रात जिला अस्पताल लाया गया। इसी बीच जिलाधिकारी आवास के गेट पर पहुंचे कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुतला फूंका और पुतले को गेट के अंदर फेंकते हुए नारेबाजी की। वहां खड़ी पुलिस मूकदर्शक बनी रही। एबीवीपी के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी बाराबंकी देर रात पहुंचे गए। भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य व पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह आदि के साथ नगर कोतवाली पहुंचे एबीवीपी के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने सीओ सिटी हर्षित चौहान, चौकी इंचार्ज गजेंद्र प्रताप, दारोगा अभिषेक राय और भाड़े पर लाए गए रोहित, अंकित व विपिन सिंह सहित कई लोगों पर हमले का आरोप लगाया। तहरीर में बताया गया कि हमला विश्वविद्यालय के चांसलर पंकज अग्रवाल के इशारे पर किया गया है। शासन के आदेश पर पूरे प्रकरण की जांच करने आइजी अयोध्या प्रवीण कुमार बाराबंकी पहुंचे। एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली। आरोपित सीओ हर्षित चौहान सहित कई पुलिसकर्मियों के बयान लिए। इस दौरान वहां मौजूद विश्वविद्यालय के पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिनके बयान लिए गए। कई घंटे तक पुलिस लाइन में जांच पड़ताल के बाद घटना स्थल का जायजा लिया गया। वहीं, विश्वविद्यालय की मान्यता की जांच के लिए पहुंचे मंडलायुक्त राजेश कुमार ने मान्यता सम्बंधी कागजात लिए।

# कन्हैया लाल हत्याकांडः सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की जमानत के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज की

**नयी दिल्ली, 02 सितंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल तेली की नृशंस हत्या के आरोपी मोहम्मद जावेद की जमानत के खिलाफ दायर राष्ट्रीय जाँच एजेंसी और मृतक के पुत्र यश तेली की याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। राष्ट्रीय जाँच एजेंसी और मृतक के पुत्र यश तेली ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि हत्या देश भर में सांप्रदायिक रूप से उत्तेजित माहौल में की गयी थी।

गौरतलब है कि कन्हैया लाल की 28 जून, 2022 को उदयपुर के व्यस्त हाथीपोल इलाके में उनकी दुकान पर कर दी गई थी। आरोप है कि दो लोगों ने तेज धार हथियार से हत्या को अंजाम दिया था। कन्हैया लाल ने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी की नेता नूपुर शर्मा के पक्ष में एक सोशल मीडिया पोस्ट का समर्थन किया था। आरोपियों मोहम्मद रियाज़ और मोहम्मद गौस ने घटना का एक वीडियो भी बनाया था और उसे ऑनलाइन पोस्ट कर दिया था। अदालत के समक्ष तेली के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि जावेद की भूमिका बेहद गंभीर है, क्योंकि उसने हमलावरों को मृतक के ठिकाने और उपस्थिति की जानकारी दी थी। उन्होंने दलील दी कि अपराध की गंभीरता को समझे बिना उसे ज़मानत देना उच्च न्यायालय का सही फैसला नहीं था। याचिका में दावा किया गया था कि मुख्य अभियुक्तों ने हत्या की तैयारी की, हथियार इकट्ठा किए, रेकी की और मृतक के ठिकाने की जानकारी देने के लिए जावेद की मदद ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी का आरोप है कि अभियुक्त जावेद कन्हैया लाल की दुकान के पास एक दुकान में काम करता था। उसने अपराध के समय हमलावरों को अपना ठिकाना बताया और उन्हें मृतक के ठिकाने के बारे में भी जानकारी दी थी।